was raised, 'Do they have property?' We are not aware if they have property. But, if they have anything, we will be responsive to that.

THE LEADER OF THE OPPOSITION (SHRI MALLIKARJUN KHARGE): Sir, in protest, we are walking out.

*(At this stage, some hon. Members left the Chamber.)*

SHRI S. JAISHANKAR: We do not have data on illegal immigrants and the issue about student Visas being cancelled, does not apply to Immigration. Thank you, Sir. *...(Interruptions)...*

MR. CHAIRMAN: Well, all we can say about the Statement of hon. Minister is, he has been very comprehensive and responded to all issues raised. Now, Shri Sanjeev Arora will resume his speech on the Motion of Thanks on the President's Address for the next three minutes.

---

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.)*

**MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS** - *Contd.*

SHRI SANJEEV ARORA (Punjab): Sir, when I was interrupted, I was speaking about the issue of 'out-of-pocket expenses', which I had already addressed. I have mentioned that our country has a high out-of-pocket expense burden.

Now, I would like to move on to AIIMS. We have established 23 new AIIMS hospitals, but there is a shortage of nearly 40 per cent of faculty members in these institutions, and non-faculty positions are also approximately 30 per cent less. My request is that if the Budget is increased, we can afford to pay more and recruit additional professors, faculty, and non-faculty members for our hospitals.

Sir, now I would like to discuss regulations on private hospitals. Private hospitals charge arbitrarily across States due to lack of control over their charges. Consumables and diagnostic tests are overpriced due to the absence of price standardization. Even after setting ceiling prices for certain procedures, such as knee replacements, hospital charges have increased. Let me illustrate this with an example. I have two bills here, one from a corporate hospital and the other from the open market. The same item is available for "64 in the open market, while it costs

over "300 in institutional hospitals. This is because once a patient is admitted, he is at the mercy of the hospital. There should be some control over this.My next point concerns ESI. Currently, ESI covers "21,000, which has been the case for a long time. I request the Government to increase this limit so that more workers can be covered under ESI and receive affordable healthcare.

Moving on to professionals, Sir, we were discussing medical education and our students going abroad. We have 1,09,000 undergraduate MBBS seats in India, but only 70,000 PG seats. This means that most doctors who complete their MBBS go abroad because, these days, hardly any MBBS doctor practices without an MD or MS degree. We need to stop this brain drain. We already face a shortage of doctors, even in AIIMS hospitals, where the Government can afford to pay more.

Additionally, Sir, we need stricter laws against unethical practices. For instance, the World Health Organization recommends that caesarean cases should not exceed 15 per cent on an average. However, in some States, the rate is higher than 15 per cent. Unethical practices must be stopped, and commercial motives should be curbed.

Sir, we also need health insurance norms, and GST on health insurance should be removed, as the percentage of insured people in our country is very low, compared to other countries.

Now, Sir, before I end, I would like to call upon the Government to take the following steps: Increase healthcare expenditure at least to 2.5 per cent of the GDP if not 5 per cent, which has been recommended by the State Bank of India recently. Regulate private healthcare pricing; revise ESIC wage ceilings; strengthen AIIMS faculty and public health infrastructure; expand insurance coverage for vulnerable population and, currently, uninsured missing middle class; and curb unethical medical practices. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, hon. Sanjeev*ji*. Now, Shri Abdul Wahab.

SHRI ABDUL WAHAB (Kerala): Thank you, Sir, for giving me the opportunity. First of all, I rise to oppose this Motion of Thanks. There is a general sentiment here and abroad that this parliamentary democracy is getting diluted. Not just like before, when it was gradually, -- I am here since 2004,-- but now it is in a very high speed mode, our functioning in Parliament. An opposition delayed is democracy denied. That is the caption now. Especially in India, this is what we hear nowadays. I raise my serious concern and protest on behalf of my Party over the way the Government has formed the Joint Parliamentary Committee. They had not included me; that is one

problem. Nobody from my party was there. But, now, I think, it was a better decision by the Government. I was not there; whoever went all over India, nothing happened.Whatever all the Opposition Members mentioned, it is in the waste basket. Nothing has been considered. Only the Chairman decided on behalf of the Members who were from the ruling party. They made some suggestions...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No comment on Chairman should be made, as per rules.

SHRI ABDUL WAHAB: Sir, it is part of that. How many things have been discussed here; you were also here. Sir, our Foreign Minister is here. It is very rare chance for me to get. In February itself, the hon. Prime Minister is going to America. I request our Foreign Minister to just give, not instructions but some suggestions, to P.M. to raise this issue, what was happening here 15 minutes before. There are so many other illegal immigrants there, not only in America but also in other places. Even in UAE, I am afraid that they will also start using their helicopters or whatever it is.
One thing I have to remind the Government is the Places of Worship Act, 1991. It is a verdict from the Supreme Court. But lower judiciary -- Varanasi lower court in Gyan Vyapi Masjid case and Allahabad High Court in Sambhal case — is overriding this Act. It is highly condemnable and questions the integrity of our judiciary. The recent claim and controversy over the Ajmer dargah which has a history of 600 plus years should be called out loud and should be strictly punished. I urge the Government and the Judiciary to strengthen this Act. A lot of other things are also happening nowadays. In the Budget, especially Kerala has been totally ignored. I can hear only one voice and that is from our Deputy Chairman's State, Bihar - Bihar, Bihar, Bihar. There is no single word about Kerala. Forget Kerala, what about Wayanad? The Prime Minister came there and assured rehabilitation and all. So far, in the Budget or otherwise, nothing has been granted. It is a grave concern for us. Our Government, Kerala Government, they are also suppressing the Keralites. If you also start suppressing the Keralites, what will we do? They are not giving enough facilities. They have taken money; they are not spending the amount which they have got in Exchequer. They are finding so many excuses. Rs.700 crore project is there but the State Government and also the Central Government are not coming forward for Wayanad issue. Maybe, it is because Wayanad is Priyanka Gandhi's constituency! I don't know. This is happening in Kerala and in Centre also. I urge the Government not to look at the Kerala Government. Please allow some more money for the rehabilitation of Wayanad people.

Thank you very much, Sir, and I am happy that this time you did not interfere in my speech. Thank you very much.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I never interfere. I only remind you after completing your time.. Shri Baburam Nishad, not present. Shri Amar Pal Maurya.

**श्री अमर पाल मौर्य** (उत्तर प्रदेश): उपसभापति महोदय, आपने मुझे माननीय राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूँ। महोदय, माननीय राष्ट्रपति महोदया ने अपने अभिभाषण में देश के उस अंतिम पायदान पर खड़े हुए व्यक्तियों के विषय में चर्चा की और यह कहा भी कि सार्थक विकास तभी होता है, जब देश के अंतिम पायदान पर खड़े हुए व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त होता है। उसी भावना को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने अंत्योदय की कल्पना में कहा, जिसके प्रति नरेन्द्र मोदी जी की सरकार संकल्पित है।

महोदय, गरीब को जब गरिमापूर्ण जीवन मिलता है, तो उसके जीवन में जीने की जो कला है, जो उसका जीवन है, उसके अंदर एक गौरव और आत्मसम्मान का भाव बढ़ जाता है, जिसको लेकर देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 में जब प्रधान मंत्री बने, तभी से उन्होंने करीब कल्याण की योजनाओं पर काम करना प्रारंभ कर दिया। माननीय राष्ट्रपति महोदया ने अपने अभिभाषण में इसके बारे उल्लेख किया है।

महोदय, मैं एक गरीब किसान का बेटा हूं। मैंने जीवन में गरीबी को अपनी आँखों से देखा है, देखा ही नहीं, बल्कि उसको हमने जिया है। देश के राजनीतिक क्षेत्र के ऐसे-ऐसे लोगों ने, जब देश के प्रधान मंत्री ने गरीबों की योजनाओं को चलाने का काम किया, उनको घर देने का काम किया, तो उनका उन्होंने मजाक उड़ाया। महोदय, जब एक व्यक्ति के घर पर छप्पर होता था और वर्षा आती थी, तो वह एक कोने में बैठ कर सारी रात गुजरता था। माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने जब उनको पक्का मकान दिया, तो इसी सदन के अंदर, यहां पर बैठे विपक्ष के ऐसे भी नेता रहे, जिन्होंने उनका मजाक उड़ाने का काम किया। उनको मकान मिलने पर इनको खुशी नहीं हुई, उनको शौचालय मिलने पर इनको खुशी नहीं प्राप्त होती है। महोदय, मैं तो बचपन में देश की आजादी के बाद सुनता था, *'रोटी, कपड़ा और मकान, खुशहाल रहेगा हिंदुस्तान'*। हम यह सुनते आए हैं, लेकिन न रोटी मिली, न कपड़ा मिला, न मकान मिला। देश की आजादी के बाद जब 60 साल एक परिवार के लोग राज करते रहे और इस प्रकार का नारा लगाते रहे, तो क्या उनको इस देश की पार्लियामेंट के अंदर बैठने का अधिकार था? उनको इस तरह से गरीबों का मजाक उड़ने का अधिकार किसने दिया?

महोदय, ये हमेशा गरीबी और अमीरी में भेद करते रहे हैं। देश के अंदर ऐसे-ऐसे महापुरुष हुए हैं। कबीर जी ने कहा है:

*'कबीर कुआं एक हैं, पानी भरैं अनेक।*
*बर्तन में ही भेद है, पानी सबमें एक।।'*

महोदय, यह भेद किसने पैदा किया? इस देश के अंदर यह भेद देश के आजादी के बाद सत्ता पर बैठे हुए जो लोग थे, एक परिवार के लोग, जो शासन करने वाले थे, उन्होंने गरीबी और अमीरी का भेद पैदा किया। उस भेद को मिटाने का काम अगर किसी ने संकल्प के साथ पूरा किया, तो उसका नाम नरेन्द्र मोदी है। ये भारत देश के ऐसे प्रधान मंत्री हैं। अम्बेडकर जी ने 26 नवंबर, 1949 को देश के सामने संविधान सौंपते हुए कहा था, मैं समझता हूं कि कोई संविधान चाहे जितना अच्छा हो, वह बुरा साबित हो सकता है यदि उसका अनुसरण करने वाले लोग बुरे हों और एक संविधान चाहे जितना बुरा हो, वह अच्छा साबित हो सकता है जब उसका पालन करने वाले लोग अच्छे होते हैं। महोदय, देश की आजादी के बाद ये जिस संविधान को लेकर दुनिया में घूमने का काम करते हैं, ढोंग रचने का काम करते हैं, उस संविधान की मर्यादा को तार-तार करने का काम अगर किसी ने किया है, तो वह विपक्ष की सरकारों ने किया है। महोदय, माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने ...(**समय की घंटी**)...

**श्री उपसभापतिः** आपका समय खत्म हो गया है।

**श्री अमर पाल मौर्यः** महोदय, मैं एक बात कहकर अपना भाषण समाप्त करूँगा। यहां पर बैठे हुए हमारे विपक्ष के नेता हमारी संस्कृति की आलोचना कर रहे थे। वे कह रहे थे कि संत-समागम स्नान किसके साथ करेगा? क्या ये तय करेंगे कि भारत की संस्कृति कांग्रेस चलाएगी? ...(**समय की घंटी**)... ये कांग्रेस के लोग भारत की संस्कृति को चलाने वाले नहीं हैं, भारत की संस्कृति को बदनाम करने वाले हैं। महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री रामजी** (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर, आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर हो रही चर्चा में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। इसके साथ ही, मैं अपनी पार्टी की मुखिया, आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी का भी आभार व्यक्त करता हूं। मान्यवर, बाबा साहेब डा. अम्बेडकर ने संविधान के Preamble में ही justice की बात की, liberty की बात की, equality and fraternity की बात की। बाबा साहेब अम्बेडकर ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा की अपनी स्पीच में एक वार्निंग भी दी। उन्होंने कहा, "On the 26th of January 1950, we are going to enter into a life of contradictions. In politics, we will have equality and in social and economic life, we will have inequality. In politics, we will be recognizing the principle of 'one man one vote' and 'one vote one value'. In our social and economic life, we shall, by reason of our social and economic structure, continue to deny the principle of 'one man one value'. How long shall we continue to live this life of contradictions? How long shall we continue to deny equality in our social and economic life? If we continue to deny it for long, we will do so only by putting our political democracy in peril. We must remove this contradiction at the earliest possible moment."

मान्यवर, इसके बावजूद देश में कई सरकारें आईं और गईं, लेकिन आज तक एससी, एसटी और ओबीसी को पूरी तरह से सामाजिक और आर्थिक न्याय नहीं मिला। आज बाबा साहेब

डा. अम्बेडकर के संवैधानिक अधिकारों की बदौलत इन कमजोर वर्गों को जो भी मिला, उसे भी ये खत्म करना चाहती हैं। बाबा साहेब डा. अम्बेडकर ने एससी, एसटी और ओबीसी को सामाजिक और आर्थिक बराबरी दिलाने के लिए शिक्षा और नौकरियों में रिजर्वेशन का अधिकार दिया। मान्यवर, पहले की और आज की तमाम सरकारें आज सारे सरकारी उपक्रमों और विभागों में कांट्रैक्ट बेसिस पर भर्तियां कर रही हैं, जिसमें किसी तरह के रिजर्वेशन को फॉलो नहीं किया जा रहा। मान्यवर, अगर देश के लोग जॉब नहीं करेंगे, नौकरी नहीं पाएंगे, तो देश आगे नहीं बढ़ेगा। फिर, वही हालात होंगे, जिस तरह से आज अमेरिका के अंदर से हमें कैदी बनाकर वापस भेजा जा रहा है।

मान्यवर, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि सरकार कमजोर वर्ग की शिक्षा को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है। इससे पहले की सरकार भी गंभीर नहीं थी और यह सरकार भी गंभीर नहीं है। सरकार के पास आंकड़े हैं कि भारत की 30% आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करती है। अभी हाल ही में प्रकाशित सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, देश के अंदर 14 लाख बच्चे आउट ऑफ स्कूल हैं, जिनमें सबसे ज्यादा 7,84,000 बच्चे उत्तर प्रदेश के अंदर हैं। देश में लगभग 20 परसेंट बच्चे और बच्चियां गरीबी और अन्य कारणों की वजह से ड्रॉप आउट करते हैं, उनकी शिक्षा पूरी नहीं हो पा रही है, लेकिन सरकार अभी तक देश के अंदर इन गरीब बच्चों की शिक्षा को फ्री नहीं कर पाई। मान्यवर, मैं आपको बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में जब बहन कुमारी मायावती जी की सरकार थी, तब देश के अंदर उत्तर प्रदेश पहला ऐसा राज्य बना, जहां पर गरीबों की शिक्षा को फ्री किया गया। वहां किसी भी तरह की शिक्षा पूरे तरीके से फ्री थी।

मान्यवर, एससी, एसटी और कमजोर वर्ग के प्रति सरकार की कमजोर इच्छा शक्ति की वजह से पूरे देश में दलितों-आदिवासियों पर अत्याचार और दलित बच्चियों के साथ बलात्कार और उनकी हत्या रुकने का नाम नहीं ले रही है। देश में आए दिन कहीं न कहीं इस तरह के अत्याचार दिखाई पड़ते हैं और इसके बाद अपराधियों को सजा तक नहीं मिलती है। परिवार के अधिकांश मामलों में न्याय तक नहीं मिलता, दबंगों और अपराधियों की राजनीतिक ऊंची पैठ होने के कारण पुलिस पर दबाव बनाकर केस को रफा-दफा किया जाता है और कई मामलों में पुलिस रिपोर्ट भी कमज़ोर लगाती है। यहां तक कि कोई अन्याय के खिलाफ जाने की हिम्मत करता है, तो उसके ऊपर कहर बरपाए जाने का काम भी किया जाता है।

मान्यवर, मैं इसका example देना चाहता हूं। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में अंजना अहिरवार, जिसके साथ sexual harassment किया गया, उसने अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाई, तो नौ महीने के अंदर उसके परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी गई और आखिर में उस बच्ची को भी संघर्ष करते हुए अपनी जान गंवानी पड़ गई।

मान्यवर, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इन सब चीज़ों को रोकने की ज़रूरत है, यह देश के लिए कलंक है। मान्यवर, मैं इसी बात को लेकर लास्ट में एक बात कहना चाहता हूं कि पूरे देश में बाबा साहेब की प्रतिमा और उनके संविधान को कुछ मनुवादी मानसिकता के लोग क्षतिग्रस्त करते हैं। अभी हाल ही में खुले आम पंजाब में देखने को मिला। मान्यवर, मैं मनुवादी मानसिकता के लोगों को स्पष्ट करना चाहता हूं कि बाबा साहेब और संविधान को मानने वाले लोग अपनी जान देकर बाबा साहेब के संविधान और सम्मान में कोई आंच नहीं आने देंगे, क्योंकि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर हमारे भगवान जैसे नहीं, बल्कि भगवान ही हैं। हम अपने भगवान और

संविधान की पूजा करते हैं और संविधान हमारा पवित्र ग्रंथ है। इन्हीं सब बातों के साथ मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं। जय भीम, जय-भारत, जय संविधान!

[**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** *पीठासीन हुए।*]

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** श्री लहर सिंह सिरोया।

**श्री लहर सिंह सिरोया** (कर्नाटक): उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। यह बहुत गर्व की बात है कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी हमारी राष्ट्रपति हैं। वे लोकतंत्र की उस सच्ची भावना का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसका ज़िक्र माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी लगातार करते रहते हैं। यह सत्य है कि वे हमारे देश के सबसे ऊंचे पद पर आसीन होने के लिए एक साधारण पृष्ठभूमि से आई हैं, जो हमारे लोकतंत्र की जीवंतता के बारे में बहुत कुछ बताता है। उनकी बुद्धिमत्ता और शालीनता ने उनके द्वारा ग्रहण किए उस उच्च पद को परिभाषित किया है और उसकी गरिमा बढ़ाई है।

महोदय, मैं देखता हूं कि कुछ लोग, जो अभिजातीय वर्ग से आते हैं, वंशवादी परम्परा से जीते हैं और जो हमारे लोकतंत्र में हेराफेरी करने और उस पर कब्ज़ा करने के लिए नए-नए तरीके सोचते हैं, वे हमारे राष्ट्रपति जी के बारे में कुछ भी कहें, चाहे वे उनके प्रति अनादर और असहिष्णुता दिखाने के लिए कितने भी नए मुहावरों का इस्तेमाल करें, फिर भी वे आज और भविष्य में भी लाखों-करोड़ों लोगों के लिए आशा की किरण रहेंगी, प्रकाश स्तम्भ के समान रहेंगी। मान्यवर, राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को लागू करने के लिए कानून के साथ हो रही प्रगति के बारे में उल्लेख किया है। मैं हमारी एनडीए सरकार द्वारा उठाए गए इस महान कदम का स्वागत करता हूं। इससे न केवल देश का बहुमूल्य समय और संसाधन बचेंगे, बल्कि निरंतर विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में हमें मदद मिलेगी। सरकार के इस महान विचार के साथ एक और विचार जोड़ना चाहूंगा। जैसा कि अभी राजीव शुक्ला जी भी व्यक्त कर रहे थे, वे अपनी चिंताएं प्रकट कर रहे थे, उसी के साथ जोड़ते हुए यह बताना चाहूंगा कि हमारी चुनाव प्रणाली बहुत महंगी हो चुकी है। इस महंगी चुनाव प्रणाली को साफ करने के लिए, इसे काले धन से मुक्त कराने के लिए और कुछ अमीर लोगों के चंगुल से मुक्त कराने के लिए चुनाव के लिए राज्यों द्वारा स्टेट फंडिंग पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। यह कोई नया विचार नहीं है। इस पर पहले भी बहस हो चुकी है। यह एक ऐसा विचार है, जिसे कभी भी खारिज नहीं किया गया है, लेकिन किसी ने इसे आगे बढ़ाने का दृढ़संकल्प भी नहीं दिखाया। अब समय आ गया है कि हम 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के बारे में सोचें। इस प्रतिष्ठित महान सदन में और दूसरे सदन में भी हर कोई इस बात से अच्छी तरह वाकिफ़ है कि हमारे चुनाव कितने महंगे होते जा रहे हैं। मैं चुनाव तो नहीं लड़ा, लेकिन व्यक्तिगत रूप से चुनाव के कार्यों से जुड़ा रहा हूं और हम सब जानते हैं कि चुनाव में धन कैसे आ रहा है, कैसे खर्च किया जा रहा है। यह एक ऐसा रहस्य है, जो सबको मालूम है। जिसके बारे में सबको मालूम है।

3.00 P.M.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** आप इसको खूब अच्छे तरीके से जानते हैं।

**श्री लहर सिंह सिरोया:** लेकिन कोई भी इसको acknowledge नहीं करना चाहता है। आज आप देखेंगे कि पंचायत के चुनाव में, नगरपालिका पार्षद के चुनाव में भी लाखों-करोड़ों का बजट होने लग गया है। मैं तो ऐसी-ऐसी constituency जानता हूं, जहां एक-एक एमएलए ने उस constituency में 100-100 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किया है। यह हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत गंभीर खतरा बन गया है। यह अच्छे लोगों को राजनीतिक और सार्वजनिक सेवा में आने से रोकेगा। इस बारे में कई नेता चिंता प्रकट कर चुके हैं। मैं समझता हूं कि हममें से कई नेता चुनाव लड़ने के काबिल ही नहीं रहेंगे। हमारे प्रधान मंत्री जी का एक लाख नए लोगों को राजनीति में लाने का सपना है, तो मैं समझता हूं कि अगर स्टेट फंडिंग नहीं होगी, तो नए लोग नहीं आ सकेंगे। यह हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत गंभीर खतरा है और यह अच्छे लोगों को राजनीति और सार्वजनिक सेवा में आने से रोकेगा। अच्छे लोगों के लिए राजनीति में प्रवेश करने के लिए पैसा सबसे बड़ी बाधा बन गया है, रूकावट बन गया है। चुनाव मे खर्च पर अंकुश लगाने के लिए नियम चाहे कितने भी कड़े क्यों न हों, कभी कारगर नहीं हुए। नियमों का उल्लंघन अधिक हुआ है, इसलिए चुनाव के लिए राज्यों द्वारा स्टेट फंडिंग करना हमारे सामने एकमात्र समाधान हो सकता है। मैं कोई बहुत पढ़ा-लिखा व्यक्ति नहीं हूं, न ही कोई बड़ा वकील हूं, मैं पब्लिक पॉलिसी के बारे में ज्यादा नहीं जानता हूं, लेकिन इस महान सदन में और सदन के बाहर भी ...(**समय की घंटी**)... काफी लोग हैं, जो इस बारे में रोशनी डाल सकते हैं। मैं ईमानदारी से सरकार से एक समिति गठित करने पर विचार करने का आग्रह करता हूं। जो इस विचार को आगे बढ़ाने में समयबद्ध रिपोर्ट देगी। मुझे पूरा यकीन है कि सभी दल इस कदम का स्वागत करेंगे और यह कदम हमें भारत के लोगों से सम्मान भी दिलाएगा। अतीत में कई समितियां इस आइडिया पर विचार कर चुकी हैं। जैसे कि दिनेश गोस्वामी समिति, आदरणीय स्वर्गीय इंद्रजीत गुप्ता समिति और 1999 में विधि आयोग ने भी इस पर चर्चा की है। यह हो सकता है कि अन्य समितियां भी रही हों, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि हर समिति ने इस विचार के बारे में सकारात्मक अनुशंसा की है। जब इन समितियों ने इस पर विचार-विमर्श किया, तो हमारे चुनाव पर खर्च होने वाला धन अपेक्षाकृत कम था। अब तो यह बहुत अधिक हो गया है और कहीं-कहीं तो बहुत अधिक भी हो गया है और अब विस्फोटक स्थिति आ गई है। इसलिए मैं सरकार से पुनः ईमानदारी से आग्रह करता हूं कि वह हमारे लोकतंत्र को और मजबूत करने के लिए इस सुझाव पर विचार करे और ऐतिहासिक एक राष्ट्र, एक चुनाव कानून के रूप में देखे। मैं समझता हूं कि पूरे सदन का और सभी पार्टियों का इसमें सहयोग मिलेगा, क्योंकि सब पार्टियां चुनाव के खर्चों से चिंतित हैं, पीड़ित हैं और उम्मीदवार भी इस बात से चिंतित हैं। मैं समझता हूं कि सरकार इसका संज्ञान लेगी। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** धन्यवाद, सिरोया जी। डा. दिनेश शर्मा। वे उपस्थित नहीं हैं। श्रीमती जया अमिताभ बच्चन।

SHRIMATI JAYA AMITABH BACHCHAN (Uttar Pradesh): Thank you, Sir. राष्ट्रपति जी के भाषण पर उनको धन्यवाद देने का मौका आपने मुझे दिया है, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। सबसे पहले मैं कुंभ मेले में जो गए और लौटकर नहीं आए, उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहती हूं। सर, राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में सबसे पहले महिलाओं के सशक्तिकरण के बारे में बात की है। यह बहुत अच्छी बात है। मुझे बहुत गर्व होता है कि इस देश की first citizen एक महिला हैं, इस देश की वित्त मंत्री महिला हैं। इस देश में ऐसा एक स्टेट है, जो बहुत जागृत है, उसकी चीफ मिनिस्टर एक महिला हैं, इस देश की इतनी बड़ी national party की बहुत ही senior Member महिला हैं और हम सब महिलाएं, जो यहां बैठी हैं, उन सब पर मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि मैं जानती हूं कि ये किस तरह से, कितने संघर्ष के बाद यहां तक पहुंची हैं। सर, हर महिला के साथ एक जैसा व्यवहार नहीं होता है, जैसे कल उत्तर प्रदेश के इलेक्शन में महिलाएं जब लाइन में खड़ी थीं, तो उनके बुर्के को उठा-उठा कर उनका identification देखा जा रहा था। It is absolutely a breach of personal rights. ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: कृपया शांत रहिए।

**श्रीमती जया अमिताभ बच्चन**: महोदय, यही बात कल दिल्ली में भी हुई। जिन्होंने बुर्का नहीं पहना है, उनके लिए कोई जाँच नहीं है, लेकिन अगर आपने बुर्का पहन लिया, तो उठाकर देखा जाएगा कि आप महिला हैं या नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: कृपया शांत रहिए। ...(**व्यवधान**)... उन्हें अपनी बात कहने का हक है, उन्हें अपनी बात कहने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती जया अमिताभ बच्चन**: सर, मेरे परिवार में, मैं जहाँ पैदा हुई, हम तीन बहनें हैं और मैं सबसे बड़ी हूं। जहाँ मेरी शादी हुई, वहाँ कोई बहन नहीं है, मगर वहाँ महिलाओं को बराबर सम्मान दिया गया, जिस वजह से आज मैं यहाँ पर हूं। मेरी पहली संतान लड़की है, मेरी पहली नातिन लड़की है, मेरी पहली पोती लड़की है, इसीलिए मैं समझ सकती हूं और मुझे बहुत अच्छा लगता है, क्योंकि संभालने वाली महिलाएं अब आगे आने लगी हैं। महोदय, यहाँ पर जितनी भी महिलाएं बैठी हुई हैं, अगर आप लोगों की सहमति हो, तो मैं उनकी तरफ से कुछ चीज़ें कहना चाहूंगी। मैं आपके अगेंस्ट नहीं बोल रही हूं, मैं आपको अपनी तरफ समझकर बोल रही हूं। महोदय, कुछ दिन पहले एक टिप्पणी की गई, "You 'may be'." Sir, it is not me; we, women, we are not 'may be', we 'are'. किसी औरत के ऊपर इस तरह की टिप्पणी करना बहुत गलत बात है, चाहे वह किसी भी पार्टी की क्यों न हो। महोदय, जितनी महिलाएं यहाँ बैठी हैं, मैं उनकी तरफ से कहना चाहूंगी, बस दो लाइनें बोलूंगी, जो बच्चन जी की हैं, आप यह मत पूछिएगा कि किस वक्त कहा था और कब लिखा था। वे हमेशा कहा करते थे – ...(**व्यवधान**)... महोदय, मैं कहना चाहती हूं:

*'हमें मशहूर होने का शौक नहीं,*
*आप सब मर्द हमें जानते हैं,*
*हमारे लिए इतना ही काफी है।'*

महोदय, आपने मुझे यहाँ अपनी बात रखने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: श्रीमती जया अमिताभ बच्चन, आपका भी बहुत-बहुत धन्यवाद। श्री राजीब भट्टाचार्जी, आप अपना भाषण आरंभ कीजिए।

**श्री राजीब भट्टाचार्जी** (त्रिपुरा): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे महामहिम राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण पर हो रही चर्चा में भाग लेने का मौका दिया गया है, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं। महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय राष्ट्रपति जी का अभिवादन करता हूं कि इन्होंने भाषण में जो कहा है, हमारे देश का जो 'विकसित भारत' का संकल्प है, वह इनके भाषण के माध्यम से देश की आम जनता के सामने रखा गया है। मैं हमारे देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी, जिन्होंने 'सबका साथ-सबका विकास' का नारा दिया, उनका धन्यवाद करना चाहता हूं। हमारी राष्ट्रपति जी का जो भाषण है, उसमें यह उभरकर आया है कि हमारा जो 'सबका साथ-सबका विकास' का नारा है, समाज के हर वर्ग को जोड़ने का जो काम हमें देखने को मिलता है, वह मोदी जी का जो स्लोगन है, उसमें देखने को मिलता है।

माननीय उपसभाधयक्ष महोदय, माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में यह उभरकर आया है कि आफ्टर डेमोक्रेसी हम लोग सुनते आ रहे हैं कि 'गरीबी हटाओ', लेकिन दुख की बात है कि गरीबी तो नहीं हटी, लेकिन ये लोग खुद हट गए और मोदी जी को काम करने का मौका दिया है। आज हम गर्व के साथ बोल सकते हैं कि देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी ने गरीबों के लिए खुद काम किया है। वे स्लोगन में विश्वास नहीं करते हैं कि मैं गरीबी हटाऊँगा, बल्कि उन्होंने काम करके दिखाया है। आज मैं गर्व के साथ कहता हूँ कि मेरे देश के प्रधान मंत्री ने भारतवर्ष में 12 करोड़ शौचालय बनवाए हैं। यह हमारे लिए लज्जा की बात होती थी। यह दुख की बात है कि आज़ादी के बाद 75 वर्ष हो गए, लेकिन गरीब के लिए शौचालय नहीं बना था। यह आत्मसम्मान की बात है। मोदी जी ने नारा दिया और हमारे प्रधान मंत्री जी ने 12 करोड़ शौचालय बनवाए। हम लोग women empowerment की बात करते हैं। जो गरीब महिला है, जो चूल्हे पर खाना पकाती थी, उन्हें बहुत सारे रोग जकड़ लेते थे। प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने सारे भारतवर्ष में दस करोड़ महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला ज्योति योजना के तहत फ्री एलपीजी कनेक्शन देने का काम किया है। हम सौभाग्यशाली हैं। भारतवर्ष के प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने कोरोना काल से लेकर अभी तक 80 करोड़ देशवासियों के लिए फ्री राशन की व्यवस्था की है। हम सौभाग्य योजना, जल जीवन मिशन योजना के बारे में जानते हैं। गरीबों के लिए मसीहा बनकर हमारे देश के प्रधान मंत्री ने ये काम किए हैं।

मैं पूर्वांचल से ताल्लुक रखता हूँ। मैं त्रिपुरा जैसे छोटे से राज्य से ताल्लुक रखता हूँ। वहाँ पर डेमोक्रेसी की बात, डेवलपमेंट की बात हो ही नहीं सकती थी। आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूँ कि मोदी जी हैं, तो मुमकिन है और मोदी जी की वजह से हमारे त्रिपुरा जैसे छोटे राज्य में भी आज गरीब के पास प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर है। 4,50,000 गरीब लोगों को मुफ्त में पक्का घर देने का काम मोदी जी ने किया है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज हेल्थ के इश्यू पर बात कर रहे थे। स्वास्थ्य हमारे संविधान में भी एक मौलिक अधिकार है। हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत सारा योगदान दिया है। आज मोदी जी ने 1,75,000 आरोग्य मंदिरों की स्थापना की है। देश के अंदर जो बुजुर्ग लोग हैं, गरीब हैं, उनके लिए आयुष्मान कार्ड की व्यवस्था है। जो गरीब लोग बीमार होते थे, उन लोगों के पाँच लाख रुपये तक के ट्रीटमेंट की जिम्मेदारी देश के प्रधान मंत्री ने अपने कंधों पर ली है। मैं गर्व के साथ इनका शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ। आज देश के अंदर टीबी एक बहुत बड़ी समस्या है। टीबी मुक्त भारत - यह नारा देकर हमारे देश के प्रधान मंत्री ने काम शुरू किया है। मैं आशा करता हूँ कि अगले कुछ वर्ष में हमारा भारत टीबी मुक्त हो जाएगा। इसका जिक्र भी महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण में किया गया है।

मैं देखता हूँ कि आज देश में कुछ जगहों पर अन्नदाता किसान को लेकर हँसी-मजाक होती है। मैं मानता हूँ कि हमारे प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में किसान के लिए काम किया गया है। किसान पहले मैदान छोड़कर रास्ते में आकर आंदोलन करता था। आज मोदी जी के नेतृत्व में किसान को रास्ता छोड़कर मैदान में काम करने का अवसर मिला है, क्योंकि वह जानता है कि मोदी जी हैं, तो एमएसपी मिलेगी और हमें सुविधा मिलेगी। मोदी जी ने हमको यह सुविधा दी है। मैं एक छोटे से राज्य त्रिपुरा से बिलॉन्ग करता हूं। वहां डेमोक्रेसी के बाद कांग्रेस और कम्युनिस्ट ने शासन किया। त्रिपुरा में हम लोगों ने देखा है कि वहां कृषक ने रास्ते में आंदोलन किया। आज त्रिपुरा सरकार ने भी एमएसपी रेट पर उनका धान खरीदने का काम स्टार्ट किया है। आज स्वयं सम्पूर्ण होने का काम करके त्रिपुरा ने दिखा दिया है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**): यह मेडन स्पीच है। कृपया सुनें।

**श्री राजीब भट्टाचार्जी**: किसान क्रेडिट कार्ड का भी कार्य किया गया है। खरीफ फसलों के क्षेत्र में भी हमारी मोदी सरकार ने डेवलपमेंट का काम किया है। आज भारत वर्ष में अन्नदाताओं के लिए कार्य करके उनको लाभ पहुंचाने का काम मोदी जी ने किया है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं नॉर्थ-ईस्ट से बिलॉन्ग करता हूं। नॉर्थ-ईस्ट में डेमोक्रेसी के बाद बहुत सारी पोलिटिकल पार्टियों ने राज किया है, लेकिन ये कभी नॉर्थ-ईस्ट को पूछते नहीं हैं। मोदी जी के आने के बाद उत्तर-पूर्वांचल के लिए चाहे अष्टलक्ष्मी की बात हो या इनके डेवलपमेंट के कार्य हों, ये हमें मोदी जी के माध्यम से देखने को मिलते हैं।

सर, मैं त्रिपुरा से बिलॉन्ग करता हूं। वहां कांग्रेस और कम्युनिस्ट का शासन था। मैं मोदी जी का धन्यवाद करना चाहता हूं। मोदी जी ने त्रिपुरा के बारे में कहा कि मैं उसे हीरा बनाऊंगा। मोदी ने इस कमिट्मेंट को रखा है। हाइवे, रेलवे, एयरवे कनेक्टिविटी के साथ-साथ इंटरनेट कनेक्टिविटी द्वारा आज त्रिपुरा ने बहुत तरक्की कर ली है। मोदी जी हैं, तो मुमकिन है। आज उत्तर-पूर्वांचल में सबसे बड़े त्रिपुरा-अगरतला एयरपोर्ट को हमारे महाराजा बीर बिक्रम किशोर माणिक्य के नाम पर समर्पित किया है। त्रिपुरा के अंदर कोई ब्रॉडगेज कनेक्टिविटी नहीं थी। 2014 में मोदी जी सरकार में आए और 2 साल में, 2016 में त्रिपुरा में पहली बार ब्रॉडगेज कनेक्टिविटी की गई। मोदी जी हैं, तो मुमकिन है - यह करके दिखाया। हमारे पास सिर्फ एक ही लाइफलाइन थी। एक ही असम-अगरतला नेशनल हाईवे था। आज 9 नेशनल हाइवेज़ का काम हुआ है, यह हमें

मोदी जी ने करके दिखाया। आज हम लोग जानते हैं कि पहली बार अष्टलक्ष्मी का महोत्सव दिल्ली में मनाया गया, जिसे मोदी जी ने इनॉगरेट किया। हम इससे प्रेरित हुए हैं। हम भाग्यशाली हैं। नॉर्थ-ईस्ट में असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और सिक्किम – ये अष्टलक्ष्मी की पहचान बनाने का काम सारे भारत वर्ष में ही नहीं, बल्कि सारे वर्ल्ड में मोदी जी ने किया है। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। मैं जनजातीय क्षेत्र से आता हूं। आज तक जनजातीय क्षेत्रों में डेवलपमेंट का काम किसी ने नहीं किया था। मैं भाग्यशाली हूं कि मोदी जी ने प्रधान मंत्री बनने के बाद हमारे जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए काम किया है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: माननीय सदस्य, अब समाप्त करें।

**श्री राजीब भट्टाचार्जी**: आज देश भर में एकलव्य विद्यालय, जो जनजातियों के स्टूडेंट्स के विकास लिए बने हैं, यह काम भी मोदी जी ने किया है। आज 10 साल में 30 मेडिकल कॉलेजेज़ ट्राइबल इलाकों में बनाने का काम मोदी जी ने किया है। आज मुद्रा योजना की राशि को 10 लाख से 20 लाख कर दिया गया है। मैं गर्व के साथ कहता हूं कि मैं बांग्लाभाषी हूं। [&]"Bangla, my mother tongue, is recognized as a classical language, and the status of Asami, Mansi, and Poli as classical languages is attributed to the efforts of our hon. Prime Minister Narendra Modi." सारे देश का विकास होता है। मुमकिन है, तो मोदी है। मोदी है, तो मुमकिन है। धन्यवाद, उपसभाध्यक्ष महोदय।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: बहुत-बहुत धन्यवाद। श्री रामदास अठावले।

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले)**: उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर अपर हाउस में, राज्य सभा में चर्चा हो रही है। एक तो अपने देश को बहुत ही ऊँचाई तक पहुँचाना, देश को ऊँचाई तक पहुँचाने के लिए वैसा विज़न चाहिए। कांग्रेस पार्टी के पास विज़न नहीं था, कांग्रेस पार्टी के पास मिशन नहीं था, कांग्रेस पार्टी के पास खाली भ्रष्टाचार था। कांग्रेस पार्टी खाली भ्रष्टाचार का काम हमेशा करती रही। 'गरीबी हटाओ' का नारा तो दे दिया, लेकिन गरीबों को हटाने का काम किया। मोदी जी 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा के ऊपर लाए हैं। मोदी जी हमेशा संविधान की बात करते हैं। संविधान बदला जाएगा, इस तरह की अफवाह, इस तरह का [*] किया जाता है। कांग्रेस पार्टी [*] करने में बहुत आगे है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : [*] शब्द को हटा दीजिए।

---

[&] English translation of the original speech delivered in Bengali.

[*] Not recorded.

**श्री रामदास अठावले**: किसी के बाप का बाप भी आएगा, तो संविधान बदल नहीं सकता है। मोदी जी ने संविधान को माथा टेक कर शपथ ली है। मोदी जी बाबा साहेब अम्बेडकर जी का हमेशा अभिवादन करते हैं। बाबा साहेब अम्बेडकर जी के सभी मेमोरियल्स के काम उनके कार्यकाल में पूरे हुए हैं। मैं कांग्रेस पार्टी के साथ था। मैं बहुत बार मंत्रियों को मिला, लेकिन मुझे भी इन्होंने मंत्री नहीं बनाया, इसलिए मुझे मंत्रियों को मिलना पड़ता था, लेकिन बाबा साहेब के स्मारक के काम पूरे नहीं हुए। 26, अलीपुर रोड पर डा. अम्बेडकर नेशनल मेमोरियल, जो अभी बना है, वह सामने है। ऐसे काम पूरे हुए नहीं। मुम्बई में मोदी साहब ने 3,600 करोड़ रुपए की एनटीसी की जमीन एक मिनट में दे दी। देवेन्द्र फडणवीस और मैं उनको मिलने के लिए गया और बाबा साहेब के मेमोरियल के लिए एनटीसी की इंदु मिल की जमीन, जो 3,600 करोड़ रुपए की थी, वह दे दी। अभी वहाँ 1,200-1,300 करोड़ रुपए का काम हो रहा है। एक-डेढ़ साल के अंदर मोदी जी के हाथ से इसका लोकार्पण होगा।

कांग्रेस वाले बोल रहे थे कि मोदी जी प्रधान मंत्री नहीं बनेंगे, मैंने बोला कि वे बनेंगे, तो उन्होंने कहा कि नहीं बनेंगे। मतलब इन लोगों ने ऐसा किया। लोक सभा के चुनाव में कहा गया कि संविधान बदलेगा, आरक्षण जाएगा। मोदी जी को हटाने के लिए सब लोग एक साथ आए, लेकिन अभी अलग-अलग हो गए। आप अलग हो गए, अभी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक साथ नहीं आ सकती है। रमेश जी, क्या ये आने वाली हैं? ...(**व्यवधान**)... ठीक बात है, आती हैं, तो आइए। अगर आप ज्यादा इकट्ठा होते हैं, तो हमें खुशी है, लोकतंत्र में सबको अधिकार है। मैं मोदी जी के साथ हूँ। मैं इधर से हटने वाला नहीं हूँ। जब तक मैं आपको हटाता नहीं, तब तक मैं इधर से हटने वाला नहीं हूँ। ठीक बात है, लोकतंत्र में सबको अधिकार है। इसलिए राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण है:

"*महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण ने सारे देश को जगा दिया है,*
*माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण ने सारे देश को जगा दिया है,*
*लेकिन कांग्रेस ने 75 सालों में सारी जनता को दगा दिया है।*
*माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने भ्रष्टाचार को भगा दिया है,*
*मोदी साहब ने भ्रष्टाचार को भगा दिया है,*
*और हम सभी मंत्रियों को काम पे भी लगा दिया है।*
*नरेन्द्र मोदी जी दे रहे हैं सभी को सामाजिक न्याय,*
*नरेन्द्र मोदी जी दे रहे हैं सबको सामाजिक न्याय,*
*तो विपक्षी दल बोलता है हाय-हाय।*
*इसलिए अपोजिशन को लोक सभा के चुनाव में*
*जनता ने ही किया है बाय-बाय।*
*लोक सभा के चुनाव में कांग्रेस और*
*विपक्षी दलों को ही किया है बाय-बाय,*
*अब नरेन्द्र मोदी जी सारे देश को दे रहे हैं आर्थिक न्याय।*

वह आर्थिक न्याय देने के लिए हम सब लोग काम कर रहे हैं। मैं इतना ही बताना चाहता हूँ कि हम सब लोगों को लोकतंत्र को मजबूत करना है। माननीय मोदी साहब ने लोक सभा में किसी पर ज्यादा टीका-टिप्पणी न करते हुए सभी लोगों से अपील की है कि आप हमारे साथ आइए।हमारे साथ आइए, मतलब अपनी पार्टी छोड़कर मत आइए। हमारे साथ देश के विकास के लिए, देश को मजबूत करने के लिए आइए। महोदय, हम सभी लोगों को एक साथ रहना है। लोकतंत्र में आप कभी इधर थे, आप कभी उधर थे, ऐसा होता रहता है। यहां बैठने वाले ये लोग इतने सालों तक उधर ही थे, अभी इधर आये हैं, लेकिन अभी इधर से 25-30 साल तक नहीं हटेंगे। ...(**समय की घंटी**)... आप 75 साल तक उधर रहे। इसलिए लोकतंत्र में हम जनता के लिए काम करते हैं। इसलिए राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण है, यह सामाजिक न्याय देने वाला है, आर्थिक न्याय देने वाला है। हमारा मकसद महिला, युवा, किसान, दलित, आदिवासी, कांग्रेस, आप, सभी पार्टियों के लोगों को और जनता को न्याय देने का है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: धन्यवाद।

**श्री रामदास अठावले**: सिर्फ आपको न्याय देना है, ऐसा नहीं है। मेरी जो रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया है, यह बाबा साहेब डा. अंबेडकर जी की पार्टी है। मैं इस पार्टी से अभी अकेला हूं। आज मैं अकेला हूं, लेकिन कल मेरे लोग बढ़ सकते हैं। इसलिए मैं अपनी पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति जी को अभिभाषण के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। राष्ट्रपति जी का यह जो अभिभाषण है, इसमें उन्होंने बाबा साहेब को भी नमन किया है। उसके साथ-साथ उन्होंने डा. मनमोहन सिंह जी को भी श्रद्धांजलि अर्पित की है। डा. मनमोहन सिंह जी हमारी पार्टी से नहीं थे, लेकिन वे हमारे देश के थे, हमारे प्रधान मंत्री थे और आदरणीय थे, इसीलिए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसलिए मैं इस अभिभाषण का पूरा सपोर्ट करता हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: धन्यवाद।

**श्री रामदास अठावले**: मैं अपनी पार्टी की तरफ से सरकार के साथ हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: धन्यवाद, अठावले साहब।

**श्री रामदास अठावले**: जब तक मोदी साहब हैं, तब तक मैं इनके साथ रहूंगा, बाद में मैं विचार करूंगा, धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: धन्यवाद। श्री कार्तिकेय शर्मा। माननीय सदस्यगण, कृपया सभी समय का ध्यान रखें। 4.00 बजे यहाँ माननीय प्रधान मंत्री जी का भाषण शुरू होना है, इसलिए समय की सीमा है।

**श्री कार्तिकेय शर्मा** (हरियाणा): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आज यहां खड़े होकर माननीय राष्ट्रपति जी के प्रेरणादायक और दूरदर्शी अभिभाषण के लिए अपना आभार व्यक्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है।

महोदय, यह सिर्फ एक भाषण नहीं था, बल्कि 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' बनाने का एक मजबूत रोड मैप और महत्वाकांक्षी योजना थी। मैं अपनी बात साहिर लुधियानवी जी के एक शेर से शुरू करना चाहता हूं कि:

*"हजार बिजलियाँ गिरें, लाख आँधियाँ उठें,*
*जो फूल खिलने वाले हैं, वे खिल के ही रहेंगे "*

महोदय, यह अभिभाषण एक सशक्त, विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह हमारे देश के गौरवशाली इतिहास, वर्तमान उपलब्धियों और उज्ज्वल भविष्य की झलक प्रस्तुत करता है। राष्ट्रपति जी का यह अभिभाषण मेरे लिए भारत के बढ़ते साहस और सामर्थ्य का प्रतीक है। साहसी भारत, मजबूत नेतृत्व और प्रभावी कूटनीति का ही परिणाम है कि आज भारत एक साहसी राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी कूटनीति ने नए आयाम स्थापित किए हैं। चाहे G20 की सफल मेजबानी की बात करें, QUAD की बात करें, BRICS Summit की बात करें या SCO की प्रभावी Summit की बात करें, इनमें भारत की जो भूमिका रही, उससे आज वैश्विक दक्षिण के अंदर, यानी Global South में, उसकी एक बहुत बड़ी बुलंद आवाज बनकर भारत पूरे विश्व मंच पर स्थापित हुआ है।

महोदय, मैं एक बात और रखना चाहता हूं। मोदी जी को छोड़कर, आज दुनिया में कोई भी ऐसा राष्ट्राध्यक्ष नहीं है, जिसे 16 देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया हो। यह सिर्फ माननीय नरेन्द्र मोदी जी के लिए ही सम्मान की बात नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के लिए, सारे देशवासियों के लिए, पूरे भारतवासियों के लिए, चाहे पक्ष हो या विपक्ष हो, उनके लिए भी यह सम्मान की बात है। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'Make in India' अभियान के तहत हमारी रक्षा क्षमताएं भी मजबूत हुई हैं। 2004 से 2014 तक यूपीए के कार्यकाल के अंदर Defence exports सिर्फ 4,312 करोड़ रुपए का था, लेकिन 2014 से 2024 तक इसके अंदर 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी आई है और अब यह 88,319 करोड़ का हो गया है। अब हम न केवल अपने लिए, बल्कि विश्व के लिए भी रक्षा उपकरणों का निर्माण कर रहे हैं। हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल हुए स्वदेशी युद्धपोत और पनडुब्बियों से भी इसका प्रमाण मिलता है।

महोदय, सक्षम भारत, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास – ये हमारे मूल मंत्र रहे हैं, जिनके ऊपर राष्ट्रपति जी ने अपनी अभिभाषण में 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत को भारत की प्रगति का आधार बताया है। भारत में आज विकास की परिभाषा केवल आर्थिक वृद्धि तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के सशक्तिकरण तक विस्तृत है।

गरीबों का उत्थान - 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत 3 करोड़ नए मकानों की घोषणा, 25 करोड़ लोगों का गरीबी की रेखा से बाहर निकलना और 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन जैसी योजनाएँ सामाजिक न्याय का परिणाम है। महिला सशक्तिकरण - 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के तहत संसद और विधान सभाओं में महिलाओं को आरक्षण दिया गया है। 10 करोड़

से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। नरेन्द्र मोदी जी की सरकार का मुख्य उद्देश्य यह रहा है कि जो एजेंट ऑफ चेंज है, वह महिलाएं हैं। देश की जो आधी आबादी है, हमें उसके अंदर बदलाव लाना पड़ेगा। अगर हम समाज के अंदर क्रांति लाना चाहते हैं, तो उसका रास्ता महिलाओं के द्वारा जाता है, इसलिए हमें महिलाओं को सशक्त करना है, सक्षम बनाना है, सामर्थ्यवान बनाना है। इसीलिए चाहे वह 'उज्ज्वला योजना' की बात हो, 'लखपति दीदी' की बात हो, 'द्रोण दीदी' की बात हो या डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत उनके खाते में सीधे पैसे ट्रांसफर करने की बात हो - ये सब उसी के लिए है।

सर, मैं युवाओं के लिए भी अवसरों की बात करना चाहता हूं। 'प्रधानमंत्री युवा योजना', 'स्टार्टअप इंडिया' और डिजिटल इंडिया के माध्यम से देश में डेढ़ लाख से अधिक स्टार्टअप्स पंजीकृत हुए हैं और 10 लाख सरकारी नौकरियों का भी सृजन किया गया है। सर, 1984 में देश के एक युवा प्रधानमंत्री को 404 सीटों के साथ एक हिस्टोरिक मैंडेट मिला था। देश को उनसे बहुत उम्मीदें थीं कि एक संचार क्रांति आएगी, बहुत बदलाव आएगा, क्योंकि दुनिया एक ऐसे मौके पर खड़ी थी, जहां पर बदलाव आ रहा था, open economies हो रही थीं। शायद कहीं न कहीं कुछ कमियों की वजह से वे चूक गए और वह मौका भारत ने खो दिया। आज मैं इस बात का उल्लेख इसलिए करना चाहता हूं कि 404 और बाद में 10 और यानी 414 सीटों के बाद भी बदलाव लाने के लिए आपको राजनीतिक इच्छा शक्ति की जरूरत है और उस इच्छा शक्ति का सबसे अच्छा उदाहरण 2019 में माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने प्रस्तुत किया, जो 303 सीटों के साथ भी सरकार को जो आमूलचूल परिवर्तन करना था, चाहे अनुच्छेद 370 की बात करूं, तीन तलाक की बात करूं या सामाजिक न्याय व समावेशी विकास की बात करूं उन्होंने राजनीतिक इच्छा शक्ति द्वारा दिखाया और प्रस्तुत किया कि ये सब हो सकते हैं, अगर आप करना चाहें।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** माननीय सदस्य, कृपया आप समाप्त करें।

**श्री कार्तिकेय शर्माः** सर, मैं बहुत ज्यादा न कहते हुए बस इतना ही कहना चाहूंगा कि जो लोग आलोचना कर रहे हैं, मैं उनसे भी ये निवेदन करना चाहता हूं कि माननीय मोदी जी ने जो 2047 का विकसित भारत का सपना देखा है, वह सिर्फ उनका सपना नहीं है, बल्कि हर एक भारतवासी का सपना है। वह पक्ष, विपक्ष और हर एक सांसद का सपना होना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि किसी को भी इसके अंदर कोई विरोधाभास होना चाहिए कि 2047 तक भारत एक विकसित देश के तौर पर, सफल देश के तौर पर काबिज हो सके। यह हर एक भारतवासी की सोच होनी चाहिए और इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीया राष्ट्रपति जी का धन्यवाद करना चाहता हूं और मैं इस अभिभाषण का भी समर्थन करता हूँ, बहुत-बहुत धन्यावाद।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** धन्यवाद, कार्तिकेय जी। श्री महाराजा संजाओबा लेशंबा।

SHRI MAHARAJA SANAJAOBA LEISHEMBA (Manipur): Sir, I thank you for giving me this opportunity. I rise to speak in support of the Motion of Thanks on the hon. President, Shrimati Droupadi Murmu's Address. Our achievements in *Amrit Kaal*: In

the third term of our Government led by hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi, the speed of development has also increased by three times. The poor, women, children, youth and farmers are put at top priority. Our Government has allocated Rs.5,36,000 crores for providing an additional of three crore households under the Pradhan Mantri Awas Yojana. Our Government is committed to grant 'ownership rights of residential land to the rural poor and promoting financial inclusion.' Under SVAMITVA Scheme, 2.45 crore property cards have been issued so far and under PM-Kisan Samman Nidhi Scheme, crores of farmers have received an amount totaling to Rs.41,000 crores.

For uplifting of tribal communities, Dharti Aaba Janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan has been started for which Rs.80,000 crores has been allotted and under Ayushman Bharat Yojana, six crore people above the age of 70 years will be given 'free health insurance' and a health cover of Rs.5 lakh will be provided annually.

For small entrepreneurs, the limit of MUDRA loan has been increased from Rs.10 lakh to Rs.20 lakh. Our Government has focused on the education and employment opportunities for the youth. Under PM-Vidyalaxmi Scheme, one crore youths will be provided with internship opportunities in the top 500 companies.

Celebrating the 100th birth anniversary of Atal*ji*, our Government has allotted Rs.70,000 crores to connect 25,000 habitations across village, under the fourth phase of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

Today, 71 Vande Bharat, Namo Bharat and Amrit Bharat trains are running across the country. And, in the last six months alone, 17 new Vande Bharat and one Namo Bharat trains have been added. Our Government, under the leadership of Sri Narendra Modi, has also made swift progress on critical issues like 'One Nation One Election' and the 'Waqf (Amendment) Bill', etc., for welfare of middle class. Owing to the great efforts of our Government, our Bharat is going to become third biggest economy in the world. The only goal of our Government's mantra is, 'Sabka Sath, Sabka Vikas, Sabka Vishwas and Sabka Prayas', is the development of viksit Bharat. Under Swachh Bharat Abhiyan, 12 crore toilets have been constructed. Under Pradhan Mantri Ujwala Yojana, 10 crore free LPG connections have been given. 80 crores people have been provided free foodgrains. Saubhagya Scheme and Jal Jeevan Mission have given assurance to poor that they can live with dignity. Under UDAN Scheme, the dreams of 1.5 crore people to fly in airplanes has been fulfilled. Offering medicines at 80 per cent concessional rates has helped save more than Rs. 30,000 crores for citizens under Jan Aushadhi Kendra Scheme. Empowerment through women-led development - Our Government is committed to fostering women-led development to realize the fullest potential of the country. Through Nari

Shakti Vandan Adhiniyam, reservation for women in Lok Sabha and Vidhan Sabhas, is an important step in this direction. Under National Rural Livelihood Mission, more than 91 lakh Self-Help Groups of more than 10 crore women are being empowered. The goals of our Government is to make 3 crore Lakhpati *Didis*. And today, more than 1.15 crore Lakhpati Didis are living their lives with dignity and they are contributing to the incomes of their family as entrepreneurs. Drone Didi Yojana has been instrumental in empowering our women, both economically and technically. Our daughters are flying fighter jets. They are joining the Armed Forces and leading corporate companies. Owing to the bold decisions of Sri Narendra Modi's Government, our women are being admitted to the National Military Schools and the National Defence Academy. This is a matter of pride for this House and the country. Daughters of this nation are filling the whole country with pride by bringing medals in the Olympics. For education reforms and steps towards innovation, our Government has established a modern education system for our students through 'National Education Policy 2020'. Opportunities for learning in... *...(Time-Bell rings)...* Sir, one more minute.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** माननीय सदस्य, अब आप समाप्त करें। अब श्रीमती महुआ माजी।

**श्रीमती महुआ माजी** (झारखंड): ऑनरेबल वाइस चेयरमैन सर, माननीय राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मैं यही कहना चाहूंगी कि उन्होंने अपने अभिभाषण में सर्वप्रथम बाबा साहेब अम्बेडकर सहित संविधान सभा के सभी मेम्बर्स को नमन किया है। हम सभी जानते हैं कि उनमें 15 तत्कालीन विदुषी महिलाएं भी शामिल थीं, जिनका महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने कहा कि इस सरकार में महिलाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है, मगर झारखंड के संदर्भ में यह पूर्णतया सही प्रतीत नहीं होता। सन् 2000 में झारखंड में भाजपा की सरकार आई और वहां 17-18 सालों तक भाजपा ने शासन किया। उस दौरान महिला तस्करी अपनी चरम सीमा पर थी। तब वहां पन्ना लाल नामक एक तस्कर थे, जिन्होंने अकेले लगभग 15,000 लड़कियों की तस्करी की थी और प्लेसमेंट एजेंसीज़ की भरमार पूरे झारखंड में हो गई थी। दूसरे राज्यों में ले जाकर उनका तरह-तरह से शोषण होता था। 2019 के बाद, हमारे माननीय हेमंत सोरेन जी की सरकार उन लड़कियों को रेस्क्यू करके वापस घर लेकर आई और उन्हें सम्मानजनक रोजगार से जोड़ने के तमाम प्रयास किए, जिनमें "मैया सम्मान योजना" उसी वजह से है, ताकि वे आर्थिक मदद से अपने पैरों पर खड़ी हो जाएं। वहां उनके लिए स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स चल रहे हैं। उनके लिए "सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना" है। उनकी पढ़ाई को कंटिन्यू करने के लिए "फूलो झानो आशीर्वाद अभियान" है। उनके लिए "पोटो हो खेल विकास योजना" है। वे विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ें, इसके लिए उन्होंने तमाम योजनाएं लॉन्च की हैं। उन्होंने "सरकार आपके द्वार" लॉन्च किया। पहले सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा-लगाकर लोगों की चप्पलें घिस

जाती थीं, लेकिन अब सरकार उठकर उनके द्वार पर जा रही है। वह हर प्रखंड में जाकर, हर पंचायत में जाकर कैंप कर रही है और उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। लाखों एप्लीकेशंस आ रही हैं, जिनका निष्पादन हमारी सरकार तत्काल कर रही है। कुटीर उद्योग लग रहे हैं, ट्रैफिकिंग की समस्या अब लगभग खत्म हो चुकी है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** माननीय सदस्य, कृपया आप सुनें।

**श्रीमती महुआ माजी**: आपने कहा इस सरकार में महिलाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है, मगर सच तो यह है कि महिला हिंसा में अस्वाभाविक रूप से वृद्धि हुई है। हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए जो 'वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर' पूरे देश में बनाए गए हैं, उनके बारे में आप जानते हैं कि उनकी कितनी भयावह स्थिति है। अभी हाल में मैंने वहां काम करने वाली महिलाओं के साथ एक वर्कशॉप अटेंड की थी। उन्होंने बताया कि इन्फ्रास्ट्रक्चर की भारी कमी है, वहां स्टाफ नहीं है, मानदेय के पैसे बहुत विलम्ब से मिलते हैं, कोई सुविधा नहीं है, वाहन की सुविधा भी नहीं है, तो वे महिलाओं के साथ कैसे न्याय करेंगे? महोदय, यह जो निर्भया फंड में हर साल 1,000 करोड़ की राशि इकट्ठी होती है, ऐसे सेंटर्स के लिए उसका प्रॉपर डिस्ट्रीब्यूशन क्यों नहीं होता है? आप हर जगह सीसीटीवी कैमरा क्यों नहीं लगाते हैं, जहां महिलाएं असुरक्षित हैं? बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन और जहां वर्किंग गर्ल्स के होस्टल्स हैं, जहां स्कूल-कॉलेजेज़ हैं, वहां अगर आप पूरे देश में जाल बिछा दें, उन इलाकों में उस पैसे से सीसीटीवी कैमरे का नेटवर्क पूरा हो जाए, तो मुझे लगता है निश्चित रूप से महिला हिंसा में कमी आएगी।

तीसरी बात यह कि जिन महिला पुलिसकर्मियों को महिलाओं की सुरक्षा के लिए लगाया गया है, क्या कभी आपने उनकी सुविधा के बारे सोचा है? कई जगह उनके लिए बैरक नहीं हैं, वे महिला पुलिसकर्मी कई बार पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ रात गुज़ारने के लिए बाध्य होती हैं, कई बार उनके पास थाने में ड्रेस चेंज करने के लिए कोई ऐसा रूम नहीं होता है कि वे ड्रेस चेंज कर सकें। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): No point of order. कृपया बैठ जाएं।

**श्रीमती महुआ माजी** : उनके लिए अलग बाथरूम भी नहीं होते हैं, तो इस पर आपकी सरकार क्यों ध्यान नहीं देती है? एक तरफ आप महिलाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात करते हैं, तो दूसरी ओर आपकी सरकार ने वर्ष 2016-17 में academic session में झारखंड में 4,096 सरकारी स्कूल्स को बंद करके मर्ज कर दिया और जो ग्रामीण और दुर्गम इलाके की लड़कियां हैं, वे दूसरे गांवों में नहीं जा पाती थीं, क्योंकि वे नक्सल प्रभावित इलाके थे, जिस वजह से उनका ड्रॉप आउट बहुत ज्यादा हो गया। सुरक्षा कारणों से स्कूल से उनका नाम कट गया, लेकिन दूसरी ओर हमारी हेमंत सरकार ने शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए ढेर सारे CM Excellence Schools खोले हैं, ताकि quality education मिले, प्राइवेट स्कूल्स के साथ वे compete कर सकें और उनके लिए स्मार्ट क्लासेस हों।

मानव तस्करी बंद करने के लिए हमारी सरकार ने इतने सारे कदम उठाए। साथ ही, हेमंत सोरेन जी ने The Marang Gomke Jaipal Singh Munda Overseas Scholarship Scheme का आरंभ की। आपको पता होगा कि 50 प्रतिभाशाली ट्राइबल लड़के-लड़कियों को सरकारी खर्चे पर London School of Economics में भेजा जाता है। साथ ही, University of Sussex, University of Warwick, University College London और University of London (School of Oriental and African Studies) और कई यूनिवर्सिटीज़ में भेजा जाता है, ताकि वे भी पढ़कर प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के समकक्ष हो सकें। आपने कहा कि आपकी सरकार परमाणु ऊर्जा का विस्तार करने पर तेजी से काम कर रही है। क्या आपकी सरकार ने उसके दुष्परिणामों से बचाव के उपायों पर ध्यान दिया है? झारखंड में Jadugora Mines में, जहां पर यूरेनियम वाले पत्थर को dump करके रखा जाता है। आप जानते होंगे कि अगर आप परमाणु ऊर्जा बढ़ाते हैं, तो आपको यूरेनियम की ज़रूरत होती है। जब बारिश का पानी आता है, तब वह बहकर वहां की लोकल गारो नदी में जाती है और वहां से स्वर्णरेखा नदी होते हुए Bay of Bengal तक जाती है और वह कितने ही लोगों को बीमार करती है। आप water pollution पर ध्यान नहीं दे रहे हैं ...(**समय की घंटी**)... और परमाणु ऊर्जा का विस्तार कर रहे हैं और ten most populated cities में दिल्ली है...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** आपका भाषण समाप्त हुआ।

**श्रीमती महुआ माजी**: आपकी सरकार अगर पॉल्यूशन खत्म करने का काम कर रही है, तो जहां राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री रह रहे हैं...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** आपका 5 मिनट का बोलने का समय पूरा हो गया है। श्री एस. सेल्वागनबेथी।

SHRI S. SELVAGANABATHY (Puducherry): Hon. Vice Chairman, Sir, I am grateful to you for giving me this opportunity to speak on the Motion of Thanks on the President's Address in this august House. My sincerest thanks to my party for allowing me to put forth my views in support to the Motion. The Address speaks about the Government's initiatives to attain the 'Viksit Bharat'. This Address explains about future of India for women, youth, farmer, labour and common man with hon. Prime Minister's vision on Sabka Sath, Sabka Vikas, Sabka Vishwas and Sabka Prayas. The future of the country is going to be decided by the youth of the country. Sir, under this Government, the country is moving forward on the path of economic progress. Today, the guiding mantras of Modi*ji*'s Government seem to materialise soon. In spite of Covid situation, this Government pulled out around 25 crore people from poverty line. There are numerous programmes; among them, Ayushman Bharat, PM Gram Sadak Yojana, PM Awas Yojana is worth mentioning.

Sir, the World Health Organisation has also praised the construction of toilets and the PM Ayushman Bharat scheme, which has improved the health conditions of the people in the country. In this Budget, it has been extended to 1 crore Gig workers.

For women, in this country, this Government has introduced many schemes for their upliftment. *Beti Bachao, Beti Padhao*, PM *Jan-Dhan Yojana,* and the Mudra Loan scheme are performing well. These schemes have empowered many lakhs of women in the country. The loan limit under this scheme is also being enhanced in this Budget.

Sir, the Soil Health Card, the PM Kisan Credit Card, the *Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana*, and direct transfer of ₹2000 every quarter into farmers' accounts are highly beneficial to our farmers. In addition to the guaranteed MSP on wheat, pulses, and paddy, these initiatives are also helpful to our farmers. The uninterrupted supply of subsidised urea and other manures has resulted in good yields year after year. Consequently, our country has achieved significant milestones in various fields. This Government has also introduced significant measures for engaging, boarding, and black-marketing of agricultural products. Timely import and export curbs have helped stabilize commodity prices in the country.

Sir, the Startup India initiative has brought hope to young entrepreneurs. Successful Startups have made many youth millionaires and billionaires. Today's youth are creating employment opportunities in the country instead of seeking employment. Many IITians and IIM graduates are engaging in Startup projects across various fields, including agriculture, commerce, service sectors, space, and defence. The Startup India initiative has had a significant impact, particularly on SC/ST women. It has brought about changes in village commerce, such as handicrafts and homemade products. The scheme's funding is also going to be revised.

Sir, the defence sector has achieved significant milestones in recent years. Before 2014, even small defence products were imported. The defence Budget was drained due to corruption and inefficiencies. This Government has revamped the defence purchase system by signing Government-to-Government treaties for major products. The Government has not only purchased products but also acquired technology know-how, leading to becoming *aatmanirbhar* in production and maintenance. Major developments have taken place in border areas, with India being ready to respond to any eventuality from neighbouring enemy countries. Border villages are also being taken care of under special schemes.

Sir, the Chandrayaan project has earned international recognition in the space field. The space programme has achieved several firsts, bringing joy to millions of

Indians. The recent successful launch of the 100th satellite is a milestone in the space industry. ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: आपका भाषण समाप्त हुआ। श्रीमती एस. फान्गनॉन कोन्याक।

SHRI S. SELVAGANABATHY: Sir, Women scientists are also actively involved in space technology. The opening up of the private space industry is well-timed. Thank you very much, Sir.

SHRIMATI S. PHANGNON KONYAK (Nagaland): Thank you, Vice-Chairman Sir, for giving me the opportunity to participate in the Motion of Thanks on the President's Address. As a woman from the ST community, our hon. President is an inspiration not only to ST women like me, but also to all women in the country.

With an illustrious political career spanning over two decades, during which she has served as an MLA, as a Minister, and as a Governor, and despite not coming from a privileged or elite background, she is performing exceedingly well in carrying out her duties to the nation as the First Citizen of India. In her speech, our hon. President has clearly outlined the country's growth, progress and the path towards Viksit Bharat, identifying the poor, middle class, youth, women, and farmers as the main priorities.

There, the main priorities which have been identified are the poor, middle class youth, women and farmers. The Prime Minister, Shri Narendra Modiji's Vision for Amrit Kaal is centered on establishing Viksit Bharat by 2047. The Modi Government has set India on the path to becoming the world's third largest economy driven by the principles of service, good governance, prosperity and pride. This Vision emphasises sustainable growth, technological advancements and a welfare system that benefits all citizens. The Modi Government is intensifying its focus on inclusive growth by priortising the welfare of *garib, yuva, annadata* and *naari.* Significant initiatives include the expansion of the *Pradhan Mantri Awas Yojana*, targeting an additional three crore households to ensure housing for all. Under Prime Minister, Modiji's leadership, the Jandhan, Aadhar and Mobile, JAM trinity, has revolutionised Direct Benefit Transfer and this has streamlined pensions, scholarships and essential subsidies, providing timely financial support. The *Pradhan Mantri Jandhan Yojana* has opened 53 crore bank accounts as of August, 2024. Deposits stand at 2.31 lakh crores, marking a historical financial inclusion drive. This Scheme is the largest financial inclusion initiatve and Modi Government's larger vision of banking for all,

correcting the failures of the past Government that left millions unbanked and vulnerable. Before 2014, millions of households in India were shrouded in darkness because of rampant corruption, scams and adversarial state of governance. However, with the launch of *Pradhan Mantri Sahaj Bijli Har Ghar Yojana*, a new era of progress began. In just five years, the programme achieved near total household electrification illuminating homes and transforming lives across the nation. These remarkable achievements stand as a testament to the Government's commitment to inclusive development ensuring that every family regardless of location or economic status has access to reliable electricity and opportunities that come with it. Drawing inspiration from Sardar Vallabh Bhai Patel's Vision of Nation First, the Modi Government has made historic strides towards achieving stability and development in North East India. Committed to the principles of *Sabka Saath, Sabka Vikas, Sabka Vishwas and Sabka Prayas*, the Government has transformed the region into a catalyst for national progress. The hon. President has highlighted clearly how the Government has consciously worked towards fulfilling the aspirations of the people of the North-East and eliminated the sense of alienation. With the signing of 10 peace accords, talks are ongoing to find solutions for other such peace accords. The talks for Naga solution between the Government of India, the NSCN (IM) and NNPGs is a positive step for peace and progress. From the signing of the Bodo Peace Accord in 2020 to peace agreements with insurgent groups in Tripura — these efforts have fostered stability and development, reinforcing Prime Minister Modi's Vision of North East India as *Ashtlakshmi*. The impact of these initiatives is evident. Over 10,000 youths have laid down arms and are being reintegrated into mainstream society. The North East exemplifies India's cultural diversity and inclusive governance with events

like the first ever Bodoland Mahotsav celebrating peace and resilience post 2020. Insurgency has sharply declined in the North-East. Mizoram has seen no incident since 2019 compared to 2014. Insurgency cases have dropped by 71 per cent, security casualities by 60 per cent and civilian deaths by 82 per cent. The Modi Government has worked tirelessly towards building the faith of the citizens in the public services of the country. While the erstwhile Government had admitted to only 15 paise out of one rupee reaching the intended beneficiaries, the Modi Government has plugged these leakages and the total Direct Benefit Transfers have risen to over 41 lakh crores.

It has also removed duplicate and fake beneficiaries and has plugged leakages within the transfer mechanism, thereby saving Rs. 3.5 lakh crore of public money.

The Modi Government, staying committed to its goal of strengthening the start-up sector and empowering youth to become job-providers from job-seekers, have catapulted the start-up sector of the nation with a host of targeted schemes and policy measures such as Start-up India, Stand-up India, significant reduction in trademark and patent fees, doing away with policy bottlenecks, etc. As a result, startups have exponentially increased from just 350 in 2014 to over 1.6 lakh in 2024, a remarkable 45,000 per cent increase. These startups have generated more than 16 lakh jobs. With a focus on strengthening the MSME sector and empowering the youth, collateral-free MUDRA loans of up to Rs. 10 lakhs have been sanctioned to around 47 crore beneficiaries. Amounts worth Rs. 27.7 lakh crore have been distributed, which has spurred growth in MSME sector and with exports rising from four lakh crore in 2020-21 to more than 12 lakh crores in 2024 and 2025.

Due to significant development efforts of the Government, India now ranks 63rd in 'Ease of Doing Business.' With the vision to breach the skill-gap between colleges and industries, the Modi Government has launched a paid internship scheme targeting one core young students over the next five years. Students will be enrolled in India's top 500 companies varying from IT, data analysis, manufacturing, aviation to energy, hospitality, space research, etc. Under the Prime Minister's Employment Generation Programme, 26,426 new micro-enterprises have been established with Rs. 3,148 crore in loan disbursements, contributing to job creation and economic growth. A key initiative has been the formalization of MSMEs with over five crore business now registered on the Udyam platform as of June, 2024. This marks a substantial increase from 1.06 crore registrations in 2023 reflecting the Modi Government's efforts to integrate informal MSMEs into the formal economy.

(MR. CHAIRMAN *in the Chair*.)

The Modi Government has harnessed digital technology as a powerful tool for social justice and equality, ensuring its benefits reach every section of society. As a result of these efforts, India has achieved 'Tier-1' status in the global cyber security index. Digital payments, once limited to select groups, are now widespread, enabling even small shopkeepers to conduct cashless transactions. The establishment of over five lakh common service centres has brought dozens of Government services online, making governance more accessible and efficient for all.

Platforms like UPI, DigiLocker, DigiYatra, CoWin, Aarogya Setu, e-Sanjeevani, etc., are impacting millions of lives and making tasks simpler. UPI services are being used in seven countries, marking India's digital payment success on global stage and

with banking services reaching villages, financial inclusion has become a reality for millions.

Under hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi Ji's leadership, India has seen a transformative shift in digital banking. The establishment of 75 digital banking units has enhanced financial inclusion, especially, in rural areas. Driving programmes like *Pradhan Madri Jan Dhan Yojana* have enabled millions to open bank accounts. Since the Modi Government took office, significant strides have been made to enhance and expand air travel infrastructure connecting regions across India.

4.00 **P.M.**

The number of airports has grown from 74 in 2014 to 157 in 2024. The plans of the Government, in its historic third term under hon. Prime Minister, Narendra Modiji, has been clearly outlined. The four key principles of service, good governance, prosperity and pride at the core of its governance have been stressed in her speech. Twenty-five crore people who have overcome poverty will now be the backbone of India's growth. This neo-middle class has emerged as the key driver of the country's socio-economic progress. This transformation is not just an economic shift but also a societal evolution with the middle class taking centre stage in areas like sports, start-ups, space exploration and technological advancement. The formation of the Eighth Pay Commission will pave the way for a salary revision which will benefit lakhs of Government employees. The NDA Government under hon. Prime Minister, Modiji, has ensured transparency through Direct Benefit Transfer. This is the outcome of the Government's flagship programme *Digital India*, which was launched on 1st July, 2015 with a vision to transform India into a digitally empowered society and a knowledge economy. The success of UPI is a testament to the Government's belief in its citizens' ability to adapt to technological intervention if it is available and cost-effective.

Sir, in conclusion, in her Address, our President has clearly outlined the direction that would lead to the fulfilment of *Viksit Bharat* guided by the ideals of our Constitution. In her words, "In the vision of *Viksit Bharat*, there is the collective strength of public participation, a roadmap for the nation's progress, the power of technology in the form of digital revolution and the foundation of modern infrastructure. The Government is steering India towards becoming the world's third largest economy." Thank you. *Jai Hind*!

MR. CHAIRMAN: Hon. Prime Minister to reply to the discussion.

**प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी):** आदरणीय सभापति जी, आदरणीय राष्ट्रपति जी ने भारत की उपलब्धियों के बारे में, दुनिया की भारत से अपेक्षाओं के बारे में और भारत के सामान्य मानवी का आत्मविश्वास, विकसित भारत बनाने का संकल्प, इन सारे विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा की है और देश को आगे की दिशा भी दिखाई है। आदरणीय राष्ट्रपति जी का अभिभाषण प्रेरक भी था, प्रभावी भी था और हम सबके लिए भविष्य के काम का मार्गदर्शन भी था। मैं आदरणीय राष्ट्रपति जी के उद्बोधन पर धन्यवाद करने के लिए उपस्थित हुआ हूं।

आदरणीय सभापति जी, करीब 70 से भी ज्यादा माननीय सांसदों ने अपने बहुमूल्य विचारों से इस आभार प्रस्ताव को समृद्ध करने का प्रयास किया है। यहां पक्ष, प्रतिपक्ष दोनों तरफ से चर्चा हुई। हर किसी ने अपने-अपने तरीके से राष्ट्रपति जी के अभिभाषण को जिसने जैसे समझा है, वैसे ही यहां समझाया है। आदरणीय सभापति जी, यहाँ पर 'सबका साथ सबका विकास', इस पर बहुत कुछ कहा गया। मैं समझ ही नहीं पाता हूँ कि इसमें कठिनाई क्या है! 'सबका साथ सबका विकास', यह तो हम सबका दायित्व है और इसीलिए तो देश ने हम सबको यहाँ बैठने का अवसर दिया है। लेकिन जहाँ तक कांग्रेस का सवाल है, उससे 'सबका साथ सबका विकास', इसके लिए कोई अपेक्षा करना, मैं समझता हूँ कि बहुत बड़ी गलती हो जाएगी। यह उसकी सोच के बाहर है, उसकी समझ के भी बाहर है और उसके रोडमैप में भी यह सूट नहीं करता है, क्योंकि इतना बड़ा दल एक परिवार को समर्पित हो गया है। उसके लिए 'सबका साथ सबका विकास' संभव ही नहीं है। आदरणीय सभापति जी, कांग्रेस ने राजनीति का एक ऐसा मॉडल तैयार कर दिया था, जिसमें झूठ, फरेब, भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण, सबका घालमेल था। जहाँ सबका घालमेल हो, वहाँ सबका साथ हो ही नहीं सकता। आदरणीय सभापति जी, कांग्रेस के मॉडल में सर्वोपरि है - फैमिली फर्स्ट। इसलिए उसकी नीति-रीति, उनकी वाणी, उसका वर्तन, उस एक चीज को सँभालने में ही खपता रहा है। 2014 के बाद से देश ने हमें सेवा करने का अवसर दिया। मैं इस देश की जनता का आभारी हूँ कि हमें लगातार तीसरी बार जनता ने यहाँ पहुँचाया है। इतने बड़े देश में इतनी वाइब्रेंट डेमोक्रेसी हो, वाइब्रेंट मीडिया हो, हर प्रकार की बातें बताने की छूट हो, उसके बावजूद देश दूसरी बार, तीसरी बार हमें सेवा करने का मॉडल बनाता है, इसका कारण यह है कि देश की जनता ने हमारे विकास के मॉडल को परखा है, समझा है और समर्थन दिया है। हमारे इस विकास के मॉडल को अगर मुझे एक शब्द में कहना है, तो मैं यह कहूँगा - नेशन फर्स्ट, राष्ट्र प्रथम। इसी एक उम्दा भावना और समर्पित भाव से हमने लगातार अपनी नीतियों में, अपने कार्यक्रमों में, अपनी वाणी में, वर्तन में इसी एक बात को मानदंड मान करके देश की सेवा करने का प्रयास किया है। आदरणीय सभापति जी, मैं बड़े गर्व के साथ भी कहता हूँ, बड़े संतोष के साथ कहता हूँ कि एक लंबे अरसे तक, 5-6 दशक तक देश के सामने अल्टरनेट मॉडल क्या हो, तराजू पर तौलने का कोई अवसर ही नहीं मिला था। लंबे अरसे के बाद, 2014 के बाद देश को एक अल्टरनेट मॉडल क्या हो सकता है, अल्टरनेट कार्यशैली क्या हो सकती है, प्रायरिटीज़ क्या हो सकती हैं, इसका एक नया मॉडल देखने को मिला है। यह नया मॉडल तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण पर भरोसा है।

पहले के मॉडल में, खास करके कांग्रेस के कालखंड में — तुष्टिकरण, हर चीज में तुष्टिकरण — यही एक प्रकार से उनकी राजनीति करने की, उनकी औषधि बन गई थी और

उन्होंने स्वार्थ नीति, राजनीति, देशनीति, सबका एक घोटाला करके रखा हुआ था। तरीका यह होता था कि छोटे तबके को कुछ दे देना और बाकियों को तरसाकर रखना और जब चुनाव आए, तो कहना कि देखो, उनको मिला है, शायद आपको भी मिल जाएगा और इस प्रकार से झुनझुना बाँटते रहना। लोगों की आँखों पर पट्टी बाँध कर अपनी राजनीतिक सियासत को चलाए रखना, ताकि चुनाव के समय वोट की खेती हो सके, यही कार्य चलता रहा।

आदरणीय सभापति जी, हमारी कोशिश रही है कि भारत के पास जो भी संसाधन हैं, उन संसाधनों का optimum utilisation किया जाए। भारत के पास जो समय है, उस समय को भी बरबादी से बचाकर, पल-पल का उपयोग देश की प्रगति के लिए, जनसामान्य के कल्याण के लिए हो, वह उसी पर खर्च हो। इसलिए हमने एक approach अपनाया - saturation का approach. पैर उतने ही लम्बे करने चाहिए, जितनी चादर हो, लेकिन जो योजना बने, जिनके लिए वह योजना बने, उनको शत-प्रतिशत उसका benefit होना चाहिए। किसी को दिया, किसी को नहीं दिया, किसी को लटका कर रस्से पर रखा और उसको हमेशा प्रताड़ित करके रखना और उसको निराशा की गर्त में धकेल देना - उन situations से बाहर आकर, हमने saturation approach की ओर अपने काम को आगे बढ़ाया है। बीते दशक में हमने हर स्तर पर 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को जमीन पर उतारा है और आज देश में जिस प्रकार से बदलाव नजर आ रहा है, हल्के रूप में हम वह अनुभव करने लगे हैं। हमारे governance का भी मूल मंत्र यही रहा है - 'सबका साथ, सबका विकास।' हमारी ही सरकार ने SC/ST Act को मजबूत बना कर दलित और आदिवासी समाज के सम्मान और उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में अपनी प्रतिबद्धता भी दिखाई और हमने उसको बढ़ाया।

आदरणीय सभापति जी, आज जातिवाद का जहर फैलाने के लिए भरपूर प्रयास हो रहा है, लेकिन 3-3 दशकों तक दोनों सदनों के OBC MPs और सभी दलों के OBC MPs सरकारों से माँग करते रहे थे कि OBC आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाए। ठुकरा दिया गया, इन्कार किया गया, क्योंकि शायद उस समय उनकी राजनीति को यह सूट नहीं करता होगा। जब तक वह तुष्टिकरण की राजनीति और फैमिली फर्स्ट की राजनीति करती रहेगी, तब तक वह ऐसे विषयों की चर्चा तक के पक्ष में नहीं होगी। आदरणीय सभापति जी, यह मेरा सौभाग्य है कि हम सबने मिल कर, तीन-तीन दशक से मेरे ओबीसी समाज ने जिस बात के लिए माँग की, आशाएँ रखीं, जिसको निराश करके रखा गया था, हमने आकर इस आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। हमने सिर्फ उनकी माँग पूरी की, इतना ही नहीं, बल्कि हमारे लिए उनका मान-सम्मान भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश के 140 करोड़ देशवासियों को हम जनता-जनार्दन के रूप में पूजने वाले लोग हैं।

आदरणीय सभापति जी, हमारे देश में जब-जब आरक्षण का विषय आया, तो उसको एक तंदुरुस्त तरीके से समस्या के समाधान के लिए, सत्य को स्वीकार करते हुए करने का प्रयास नहीं हुआ, बल्कि हर चीज में देश में विभाजन कैसे हो, तनाव कैसे पैदा हो, एक-दूसरे के खिलाफ दुश्मनी कैसे पैदा हो - वही तरीके अपनाए गए। देश आजाद होने के बाद जब-जब ये प्रयास हुए, इसी तरीके से हुए। पहली बार हमारी सरकार ने एक ऐसा मॉडल दिया और यह 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र की प्रेरणा से दिया। हमने सामान्य वर्ग के गरीब को 10 परसेंट आरक्षण दिया, बिना तनाव के दिया, बिना किसी का छीन करके दिया और जब यह निर्णय किया, तो

एससी समुदाय ने उसका स्वागत किया, एसटी समुदाय ने भी स्वागत किया, ओबीसी समुदाय ने भी स्वागत किया। इतना बड़ा निर्णय हुआ लेकिन किसी को भी पेट में दर्द नहीं हुआ, क्योंकि इसे करने का तरीका था 'सबका साथ, सबका विकास', और तब जाकर बहुत ही स्वस्थ और शांत तरीके से पूरे राष्ट्र ने इस बात को स्वीकार किया।

आदरणीय सभापति जी, हमारे देश में दिव्यांगों की जितनी मात्रा में सुनवाई होनी चाहिए थी, वह कभी नहीं हुई। जब 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र होता है, तब मेरे दिव्यांगजन भी उन सबके कैटेगरी में होते हैं और तब जाकर हमने दिव्यांगों के लिए आरक्षण का विस्तार किया। दिव्यांगों के लिए सुविधाएं उपलब्ध हों - इसके लिए हमने मिशन मोड में काम किया। दिव्यांगों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएँ बनाईं और उनको लागू भी किया। आदरणीय सभापति जी, इतना ही नहीं, बल्कि हमने ट्रांसजेंडर कम्युनिटी के अधिकारों को कानूनी रूप से पुख्ता करने के लिए प्रमाणिकतापूर्वक प्रयास किया। हम 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को कैसे जीते हैं, यह हमने समाज के उस उपेक्षित वर्ग की तरफ भी बड़ी संवेदना के साथ देखा है।

आदरणीय सभापति जी, भारत की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को कोई नकार नहीं सकता है, लेकिन उनको अगर अवसर मिले और वे नीति निर्धारण का हिस्सा बनें, तो देश की प्रगति में और गति आ सकती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ही इस सदन का पहला निर्णय हुआ। हम देशवासी गर्व कर सकते हैं कि यह सदन इस बात के लिए याद रखा जाएगा। यह नया सदन सिर्फ अपने रूप-रंग के लिए ही याद नहीं रखा जाएगा, बल्कि इस नये सदन का पहला निर्णय था - "नारी शक्ति वंदन अधिनियम।" इस नए सदन को हम किसी और तरीके से भी शुरू कर सकते थे। हम अपनी वाहवाही के लिए भी इसका उपयोग कर सकते थे, पहले भी होता था, लेकिन हमने तो मातृशक्ति की वाहवाही के लिए इस सदन का आरंभ किया था और मातृशक्ति के आशीर्वाद से इस सदन ने अपना कार्य आरंभ किया है।

आदरणीय सभापति जी, हम जानते हैं, हम इतिहास की तरफ थोड़ी नजर करें। यानी, मैं कह रहा हूं, इसलिए नहीं। बाबा साहेब अम्बेडकर के साथ कांग्रेस को कितनी नफरत रही थी, उनके प्रति कितना गुस्सा था और किसी भी हालत में बाबा साहेब की हर बात के प्रति कांग्रेस चिढ़ जाती थी, इसके सारे दस्तावेज़ मौजूद हैं। इस गुस्से के कारण दो-दो बार बाबा साहेब को चुनाव में पराजित करने के लिए क्या कुछ नहीं किया गया। ...(**व्यवधान**)... बाबा साहेब को कभी भी "भारत रत्न" के योग्य नहीं समझा गया। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Only what the hon. Prime Minister says will go on record. ..*(Interruptions)*...

**श्री नरेन्द्र मोदीः** आदरणीय सभापति जी, कभी भी बाबा साहेब को "भारत रत्न" के योग्य नहीं समझा गया। ...(**व्यवधान**)... इतना ही नहीं, आदरणीय सभापति जी, इस देश के लोगों ने बाबा साहेब की भावना का आदर किया है, सर्व समाज ने आदर किया है और तब आज मजबूरन कांग्रेस को "जय भीम" बोलना पड़ रहा है, उनका मुँह सूख जाता है। ...(**व्यवधान**)... आदरणीय सभापति जी, यह कांग्रेस भी रंग बदलने में बड़ी माहिर लग रही है। ...(**व्यवधान**)... ये कितनी तेजी से अपना नकाब बदल देते हैं, यह इसमें साफ-साफ नजर आ रहा है।...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, आप कांग्रेस का अध्ययन कीजिए तो पता चलेगा कि कांग्रेस की राजनीति - जैसा हमारा मूलमंत्र रहा - "सबका साथ, सबका विकास," वैसे ही उनका हमेशा यही मंत्र रहा कि दूसरे की लकीर छोटी करना। ...(**व्यवधान**)... इसके कारण उन्होंने सरकारों को अस्थिर किया। ...(**व्यवधान**)... किसी भी राजनीतिक दल की सरकार कहीं बनी तो उसको अस्थिर कर दिया, क्योंकि इनका मंत्र था कि दूसरे की लकीर छोटी करो। वे इसी काम में लगे रहे। उन्होंने औरों की लकीर छोटी करने का जो यह रास्ता चुना है, लोक सभा चुनाव के बाद भी जो उनके साथ थे, वे भी भाग रहे हैं, क्योंकि उनको पता चल गया है कि ये तो हमें भी मार डालेंगे।

यही उनकी नीतियों का परिणाम है कि आज कांग्रेस का यह हाल हो गया है। देश की सबसे पुरानी पार्टी, आज़ादी के आंदोलन से जुड़ी पार्टी की इतनी दुर्दशा इसलिए हुई, क्योंकि ये औरों की लकीर छोटी करने में अपनी शक्ति खपा रहे थे। अगर वे खुद की लकीर लम्बी करते, तो उनकी यह दशा नहीं होती। मैं उनको बिना मांगे एडवाइस दे रहा हूं कि आप अपनी लकीर लम्बी करने में मेहनत कीजिए, उसके बारे में सोचिए, तो कभी न कभी देश आपको भी 10 मीटर दूर यहां आने का अवसर देगा।

आदरणीय सभापति महोदय, बाबा साहेब ने एससी/एसटी समुदाय की बुनियादी चुनौतियों को बहुत बारीकी और गहराई से समझा था। वे स्वयं भुक्तभोगी थे, इसलिए एक दर्द भी था, पीड़ा भी थी और समाज का कल्याण करने का एक जज़्बा भी था। बाबा साहेब ने एससी/एसटी समुदाय की आर्थिक उन्नति के लिए देश के सामने एक स्पष्ट रोड मैप प्रस्तुत किया, वह उनकी बातों में प्रस्तुत होता था। बाबा साहेब ने एक बहुत महत्वपूर्ण बात कही थी। मैं उनका एक क्वोट पढ़ना चाहता हूं। बाबा साहेब ने कहा था, 'भारत एक कृषि प्रधान देश है, लेकिन दलितों के लिए यह आजीविका का मुख्य साधन बन ही नहीं सकता'। उन्होंने आगे कहा, 'इसके कई कारण हैं, पहला यह कि भूमि खरीदना उनके सामर्थ्य से बाहर है। दूसरा, अगर उनके पास धन भी हो, तो भी उनके लिए भूमि खरीदने का कोई अवसर नहीं है।' बाबा साहेब ने यह एक analysis किया था और इस परिस्थिति का analysis करते हुए उनका सुझाव था, उन्होंने आग्रह किया था कि दलितों के साथ, हमारे आदिवासी भाई-बहनों के साथ और वंचितों के साथ जो अन्याय हो रहा है, वे जिस मुसीबत में जीने के लिए जो मजबूर हो रहे हैं, इसका एक उपाय है कि देश में industrialization को बढ़ावा दिया जाए। बाबा साहेब औद्योगीकरण के पक्षकार थे। औद्योगीकरण के पीछे उनकी कल्पना साफ थी, skill-based jobs और entrepreneurship के लिए, आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए दलित, आदिवासी और वंचित समूहों को एक अवसर मिलेगा और उसे वे उत्थान का सबसे महत्वपूर्ण हथियार मानते थे। लेकिन आज़ादी के इतने सालों के बावजूद भी, इतने साल कांग्रेस को सत्ता में रहने का अवसर मिला, तब भी बाबा साहेब की इन बातों पर गौर करने का समय भी उनके पास नहीं था। उन्होंने बाबा साहेब के इन विचारों को पूरी तरह से खारिज कर दिया। बाबा साहेब एससी/एसटी समुदाय की आर्थिक लाचारी को समाप्त करना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस ने ऐसा उल्टा काम किया कि उसको गहरा संकट बना दिया।

आदरणीय सभापति महोदय, वर्ष 2014 में हमारी सरकार ने इस सोच को बदला और हमने प्राथमिकता देते हुए skill development, financial inclusion और industrial growth पर ज़ोर दिया। हमने पीएम विश्वकर्मा योजना बनाकर समाज का वो तबका, जिसके बिना समाज की रचना ही संभव नहीं है और हर गांव में छोटे-छोटे रूप में बिखरे हुए समाज, जो पारंपरिक कार्य करने

वाले हमारे विश्वकर्मा भाई-बहन हों, चाहे लुहार हों, कुम्हार हों, समाज के सुनार हों, जो ऐसे वर्ग के लोग हैं, तो पहली बार देश में उनके लिए कोई चिंता हुई है। उनको ट्रेनिंग देना, technological upgradation के लिए नए औजार देना, डिजाइनिंग में उनको मदद करना, आर्थिक सहायता करना, उनके लिए बाजार उपलब्ध कराना, इन सारी दिशाओं में हमने एक विशेष अभियान चलाया हुआ है। समाज का यह वर्ग है, जिसकी तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया और समाज नियन्ता में जिसका महत्वपूर्ण रोल है, उस विश्वकर्मा समाज की हमने चिंता की।

सभापति जी, जिन लोगों को पहली बार उद्यम के क्षेत्र में आना था, उनको हमने मुद्रा योजना शुरू करके निमंत्रित किया, प्रोत्साहित किया। हमने बिना गारंटी के लोन देने का एक बहुत बड़ा अभियान चलाया है, जिससे समाज में बड़ा समुदाय अपने आत्मनिर्भरता के सपने को पूरा कर सके और उसमें हमें बहुत बड़ी सफलता भी मिली। हमने स्टैण्ड-अप इंडिया योजना भी बनाई, जिसका मकसद यह था कि एससी/एसटी समुदाय के हमारे भाई-बहन और किसी भी समाज की महिला को बैंक से बिना गारंटी के एक करोड़ रुपये का लोन मिल सके, ताकि वह अपना कारोबार शुरू कर सके। हमने इस बार बजट में इसको डबल कर दिया है और मैंने देखा है कि इस वंचित समुदाय से लाखों नौजवान या लाखों बहनों ने आज मुद्रा योजना के द्वारा अपना कारोबार करना शुरू किया है और खुद को तो रोजगार दिया ही है, लेकिन उन्होंने बाकी एक-दो और लोगों को भी रोजगार दिया है।

सभापति महोदय, हर कारीगर का सशक्तिकरण हो, हर समुदाय का सशक्तीकरण हो और जो बाबा साहेब का सपना था, उसको पूरा करने का काम मुद्रा योजना के माध्यम से हमने किया है, जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको मोदी पूजता है। गरीब, वंचित का कल्याण हो, यह हमारी प्राथमिकता है। आप देखेंगे कि इस वर्ष के बजट में लैदर इंडस्ट्री, फुटवियर इंडस्ट्री और अनेक छोटे-छोटे दायरे के विषयों को हमने स्पर्श किया है। इसका सबसे बड़ा लाभ गरीब और वंचित समुदाय के लोगों को मिलने वाला है, जिसकी इस बजट में घोषणा की गई है। अब उदाहरण के रूप में टॉयज़ की बात करते हैं। समाज के इस प्रकार के वर्ग के लोग ही टॉयज़ बनाने के काम में हैं, हमने उन पर ध्यान केन्द्रित किया है। उसमें बहुत सारे गरीब परिवारों को अनेक प्रकार की मदद दी गई है और आज उसका परिणाम आया है कि हम टॉयज़ इम्पोर्ट करने की आदत में फंसे हुए थे, आज हमारे टॉयज़ तीन गुना एक्सपोर्ट हो रहे हैं, जिसका फायदा समाज के बहुत ही नीचे के तबके में जीने वाले, मुसीबतों से गुजारा करने वाले समुदाय को मिल रहा है। महोदय, हमारे देश में एक बहुत बड़ा मछुआरा समुदाय है। इन मछुआरे साथियों के लिए हमने एक अलग मिनिस्ट्री तो बनाई, लेकिन जो बेनिफिट क्रेडिट में किसानों को मिलता था, हमने वह किसान क्रेडिट कार्ड के सारे बेनिफिट मछुआरे भाई-बहनों को भी दिए हैं। उन्हें यह सुविधा दी, अलग मिनिस्ट्री बनाई, यह काम किया और करीब-करीब 40 हज़ार करोड़ रुपये इसके अंदर इंक्लूड किए।

महोदय, हमने फिशरी सैक्टर को बल दिया है और इन प्रयासों का परिणाम यह आया है कि हमारा मछली उत्पादन और एक्सपोर्ट भी दोगुना हुआ है। इसका सीधा बेनिफिट हमारे मछुआरे भाई-बहनों को हुआ है। यानी समाज के जो सबसे उपेक्षित हमारे बंधु हैं, हमने उन्हें सबसे ज्यादा प्राथमिकता देकर काम करने का प्रयास किया है। आदरणीय सभापति जी, यहाँ पर जातिवाद का ज़हर फैलाने का जिनको नया-नया शौक लग गया है, हमारे देश के आदिवासी समाज में भी कई

स्तर की स्थितियाँ हैं। कुछ समूह ऐसे हैं, जिनकी संख्या बहुत कम हैं और जो देश में करीब 200, 300 जगहों पर बिखरे हुए हैं। उनकी कुल आबादी बहुत कम है, लेकिन वे इस प्रकार से उपेक्षित रहे हैं कि यदि आप उनकी बारीकियों को जानेंगे, तो दिल दहलाने वाली बातें हैं।

महोदय, मेरा सद्भाग्य रहा कि मुझे राष्ट्रपति जी से इस विषय पर काफी गाइडेंस मिली, क्योंकि राष्ट्रपति जी उस समाज को काफी निकट से जानती हैं। महोदय, उसी आदिवासी समाज में भी बहुत वंचित अवस्था में जीने वाले जो छोटे तबके के लोग हैं और बिखरे पड़े लोग हैं, उनको विशेष रूप से योजना में लाने का प्रयास हुआ। महोदय, हमने 'पीएम जनमन योजना' बनाई और 24 हज़ार करोड़ रुपये दिए, ताकि उन्हें वे सुविधाएं मिलें, उनके कल्याण के काम हों और वे भी सबसे पहले अन्य आदिवासी समाज की बराबरी तक पहुंचें और फिर पूरे समाज की बराबरी करने के योग्य बनें। हमने उस दिशा में काम किया है।

आदरणीय सभापति जी, हमने समाज के अलग-अलग तबकों की चिंता तो की ही है, साथ ही देश के अलग-अलग भूभाग में भी कुछ ऐसी स्थितियाँ हैं कि जिनमें बहुत पिछड़ापन है। जैसे हमारे जो सीमावर्ती गाँव हैं, उन्हें बैकवर्ड विलेज कहकर छोड़ दिया गया था, आखिरी गाँव कहकर छोड़ दिया गया था, लेकिन हम सबसे पहले मनोवैज्ञानिक परिवर्तन लेकर आए। यह जो दिल्ली पहले और बाद में सब धीरे-धीरे दूर जाता जाए, और आखिर में चला जाए था, हमने इसको बदल दिया। हमने तय किया कि सीमा पर जो लोग हैं, वे पहले हैं और वे अंदर की तरफ आते जाएं। जहाँ सूरज की किरण सबसे पहले आती है और सूरज की आखिरी किरण भी जिनके पास होती है, ऐसे आखिरी गाँवों को हमने फर्स्ट विलेज के रूप में विशेष दर्जा देते हुए, विशेष योजना बनाते हुए उनके विकास के कामों को प्राथमिकता दी। महोदय, इतना ही नहीं है, हमने उस काम को इतनी प्राथमिकता दी है कि मैंने पिछली टर्म में मंत्री परिषद के साथियों को दूरदराज के ऐसे गाँवों में 24 घंटे रुकने के लिए भेजा था और माइनस 15 डिग्री वाले जो कुछ विलेज थे, हमारे मंत्री वहाँ भी जाकर रुके थे और उन्होंने उनको समझने, उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया था।

महोदय, 15 अगस्त और 26 जनवरी पर जो मेहमान बुलाते हैं, उनमें भी सीमा पर बसे हुए हमारे जो पहले विलेज हैं, हम उनके प्रधानों को 15 अगस्त और 26 जनवरी पर बुलाते हैं। वे राष्ट्रपति जी के ऐट होम में होते हैं, क्योंकि हमारी कोशिश है, 'सबका साथ-सबका विकास', इसलिए हम खोजते रहते हैं कि किस तक अभी भी पहुंचना बाकी है, चलो जल्दी करो।

आदरणीय सभापति जी, वाइब्रेंट विलेज की योजना देश की सुरक्षा में भी बहुत उपयोगी सिद्ध हो रही है, बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध हो रही है, हम उस पर भी बल दे रहे हैं। आदरणीय सभापति जी, राष्ट्रपति जी ने गणतंत्र के 75 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर संविधान निर्माताओं से प्रेरणा लेने का भी आग्रह अपने अभिभाषण में किया है। मैं आज बड़े संतोष के साथ कह सकता हूँ कि हमारे संविधान निर्माताओं की जो भावना थी, उसी का आदर करते हुए, उसी से प्रेरणा लेते हुए हम आज आगे बढ़ रहे हैं। कुछ लोगों को लगता होगा कि यह यूसीसी क्या लाए हैं, लेकिन जब संविधान सभा डिबेट पढ़ेंगे, तब उन्हें पता चलेगा कि हम उस भावना को यहाँ लाने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ लोगों की राजनीति आड़े आती होगी, लेकिन हम संविधान निर्माताओं की उस भावना को जीते हैं, तब जाकर यह साहस करते हैं और कमिटमेंट के साथ पूरा करने का प्रयास करते हैं। आदरणीय सभापति जी, संविधान निर्माताओं का आदर करना चाहिए। संविधान निर्माताओं की

एक-एक बात प्रेरणा लेने की थी, लेकिन यह कॉंग्रेस है, जिसने आजादी के तुरंत बाद ही संविधान निर्माताओं की भावनाओं की धज्जियाँ उड़ा दीं। मुझे यह दुख के साथ कहना पड़ रहा है। आप कल्पना कर सकते थे कि जब देश में चुनी हुई सरकार नहीं थी, चुनाव तक का एक stopgap arrangement था, उस stopgap arrangement में जो महाशय बैठे थे, उन्होंने आते ही संविधान में संशोधन कर दिया। चुनी हुई सरकार करती, तो थोड़ा समझ आ जाता, लेकिन उतना भी इंतजार नहीं किया। और, क्या किया? उन्होंने फ्रीडम ऑफ स्पीच को कुचला। अखबारों पर, प्रेस पर लगाम लगाई और दुनिया में डेमोक्रेट का टैग लगाकर घूमते रहे। देश की डेमोक्रेसी के महत्वपूर्ण स्तंभ को कुचलने का काम हुआ और यह संविधान की भावना का पूरी तरह अनादर था। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, देश की पहली सरकार थी, नेहरू जी प्रधान मंत्री थे और मुंबई में ...(**व्यवधान**)... जब नेहरू जी प्रधान मंत्री थे, तब मुंबई में मजदूरों की एक हड़ताल हुई थी। उसमें मशहूर गीतकार, मजरूह सुल्तानपुरी जी ने एक गीत गाया था। कॉमनवेल्थ का दास है - यह कविता उन्होंने गाई थी। कविता गाने मात्र के गुनाह में नेहरू जी ने देश के एक महान कवि को जेल में ठूंस दिया। मशहूर एक्टर, बलराज साहनी जी सिर्फ एक जुलूस में शामिल हुए थे, आंदोलन करने वालों के जुलूस में शामिल हुए थे, इसलिए बलराज साहनी जी को जेल में बंद कर दिया गया। आदरणीय सभापति जी, लता मंगेशकर जी के भाई हृदयनाथ मंगेशकर जी ने वीर सावरकर पर एक कविता स्वरबद्ध करके आकाशवाणी पर प्रस्तुत करने की योजना बनाई। इतने मात्र पर हृदयनाथ मंगेशकर जी को आकाशवाणी से हमेशा के लिए बाहर कर दिया गया।

आदरणीय सभापति जी, इसके बाद देश ने इमरजेंसी का भी दौर देखा। ...(**व्यवधान**)... इस देश ने इमरजेंसी का भी दौर देखा है। संविधान को किस प्रकार से कुचला गया, संविधान की स्पिरिट को किस प्रकार से रौंदा गया और वह भी सत्ता सुख के लिए किया गया, यह देश जानता है। ...(**व्यवधान**)... इमरजेंसी में प्रसिद्ध सिने कलाकार देव आनन्द जी से आग्रह किया गया कि वे पब्लिकली इमरजेंसी का समर्थन करें। देव आनन्द जी ने साफ-साफ इमरजेंसी का समर्थन करने से इंकार कर दिया, उन्होंने हिम्मत दिखाई। ...(**व्यवधान**)... इसलिए दूरदर्शन पर देव आनन्द जी की सभी फिल्मों को प्रतिबंधित कर दिया गया। ...(**व्यवधान**)... आदरणीय सभापति जी, ये संविधान की बातें करने वाले लोग, इन्होंने संविधान को अपनी जेब में रखा है, यह उसी का यह परिणाम है। ...(**व्यवधान**)... संविधान का सम्मान नहीं किया है। आदरणीय सभापति जी, किशोर कुमार जी ने कांग्रेस के लिए गाना गाने से मना किया। इस एक गुनाह के लिए आकाशवाणी पर किशोर कुमार के सभी गानों को प्रतिबंधित कर दिया गया। ...(**व्यवधान**)... आदरणीय सभापति जी, मैं इमरजेंसी के उन दिनों को भूल नहीं सकता और शायद आज भी वे तस्वीरें मौजूद हैं। ये लोकतंत्र की बातें करते हैं, मानव गरिमा की बातें करते हैं और बड़े-बड़े भाषण देने के शौकीन लोग हैं। आपातकाल में श्री जॉर्ज फर्नांडीस समेत देश के महानुभावों को हथकड़ियां पहनाई गई थीं, जंजीरों से बांधा गया था। ...(**व्यवधान**)... संसद के सदस्य, देश के गणमान्य नेताओं को हथकड़ियों और जंजीरों से बांधा गया था। इनके मुंह में संविधान शब्द शोभा नहीं देता है।

आदरणीय सभापति जी, सत्ता सुख के लिए, शाही परिवार के अहंकार के लिए इस देश के लाखों परिवारों को तबाह कर दिया गया था, देश को जेलखाना बना दिया गया था। ...(**व्यवधान**)... बहुत लंबा संघर्ष चला। अपने आप को बहुत बड़ा तीसमारखां मानने वालों को

जनता जनार्दन की ताकत को स्वीकार करना पड़ा, घुटने टेकने पड़े और देश में जनता जनार्दन के सामर्थ्य से इमरजेंसी हटी। ...(**व्यवधान**)... भारत के लोगों की रगों में जो लोकतंत्र है, यह उसी का परिणाम था। ...(**व्यवधान**)... हमारे माननीय खरगे जी आपके सामने बढ़िया-बढ़िया शेर सुनाते रहते हैं। शेर सुनाने का उनका शौक है और सभापति जी, आप भी बड़ा मजा लेते हैं। एक शेर मैंने भी कहीं पढ़ा थाः

*"तमाशा करने वालों को क्या खबर*
*हमने कितने तूफानों को पार कर दिया जलाया है।"*

आदरणीय सभापति जी, आदरणीय खरगे जी वरिष्ठ नेता हैं और मैं उनका हमेशा सम्मान करता हूँ। इतने लंबे समय का सार्वजनिक जीवन, यह छोटी बात नहीं है। इस देश में चाहे शरद राव हों, चाहे खरगे जी हों, हमारे देवेगौड़ा जी बैठे हैं, ये उनके जीवन की असामान्य सिद्धियाँ हैं, जो उन्होंने ...(**व्यवधान**)... ऐसा है खरगे जी, आपको आपके घर में तो ये बातें सुनने को नहीं मिलेंगी, मैं ही बताऊँगा। इस बार मैं देख रहा था कि खरगे जी कविताएँ पढ़ रहे थे, लेकिन जो बातें बता रहे थे और आपने बड़ा सही पकड़ा था कि ज़रा बताओ तो सही कि यह कविता है कब की! सभापति जी, उनको पता था कि ये कविताएँ कब की हैं। भीतर कांग्रेस की दुर्दशा का इतना दर्द पड़ा था, लेकिन वहाँ हालत यह है कि बोल नहीं सकते, तो उन्होंने सोचा, यह अच्छा मंच है, यहीं बोल दें। इसलिए उन्होंने नीरज की कविताओं के माध्यम से उनके घर की हालत यहाँ प्रस्तुत की है। आदरणीय सभापति जी, खरगे जी को मैं आज वही कवि, नीरज जी की कुछ पंक्तियाँ सुनाना चाहता हूँ। कांग्रेस सरकार का जो दौर था, उस समय नीरज जी ने ये कविताएँ लिखी थीं। इसमें उन्होंने कहा थाः

*"है बहुत अँधियारा, अब सूरज निकलना चाहिए।*
*जिस तरह से भी हो, यह मौसम बदलना चाहिए। "*

नीरज जी ने कांग्रेस के उस कालखंड में यह कविता कही थी। 1970 में जब चारों तरफ कांग्रेस ही कांग्रेस का राज चलता था, उस समय नीरज जी का एक और कविता संग्रह प्रकाशित हुआ था - 'फिर दीप जलेगा'। हरिवंश जी तो अभ्यासी हैं, तो उनको भलीभाँति पता है, उस समय उनका यह संग्रह प्रसिद्ध हुआ था - 'फिर दीप जलेगा'। उसमें उन्होंने कहा था और यह बड़ा महत्वपूर्ण है, नीरज जी ने उस समय कहा थाः

*"मेरे देश उदास न हो,"*

नीरज जी ने अपनी कविता में कहा थाः

*"मेरे देश उदास न हो,*
*फिर दीप जलेगा, तिमिर ढलेगा।"*

हमारा सद्भाग्य देखिए, हमारे प्रेरणा पुरुष, अटल बिहारी वाजपेयी जी ने भी 40 साल पहले कहा था - "सूरज निकलेगा, अँधेरा छँटेगा, कमल खिलेगा"। आदरणीय नीरज जी ने जो कहा था, जब तक कांग्रेस का सूरज चमकता रहा, देश ऐसे ही अँधेरे में रहता रहा। कई दशक तक ऐसे

ही हाल बने रहे। आदरणीय सभापति जी, गरीबों को शक्ति देने के लिए, गरीबों के सशक्तिकरण के लिए, जितना काम हमारे कार्यकाल में हुआ है, हमारी सरकार के द्वारा हुआ है, उतना पहले कभी नहीं हुआ। गरीबों का सशक्तिकरण और गरीब ही गरीबी को परास्त करे, उस दिशा में हमने योजनाओं को आकार दिया है और मुझे हमारे देश के गरीबों पर भरोसा है, उनके सामर्थ्य पर भरोसा है। अगर अवसर मिल जाए, तो वह हर चुनौतियों को पार कर सकता है और गरीब ने यह करके दिखाया है। योजनाओं का लाभ लेते हुए, अवसरों का फायदा उठाते हुए, सशक्तिकरण के माध्यम से 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त करने में सफल हुए हैं। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना, हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमने एक बहुत बड़ा काम किया है। जो लोग गरीबी से निकले हैं, कठोर परिश्रम करके निकले हैं। सरकार पर भरोसा करते हुए, योजनाओं को आधार बना करके, आज गरीबी से निकल कर एक neo middle class हमारे देश में सृजित हुआ है। आदरणीय सभापति जी, मेरी सरकार इस neo middle class और middle class के साथ डट कर खड़ी है और हम बहुत commitment के साथ खड़े हैं। हमारे neo middle class और middle class की आकांक्षाएँ आज देश के लिए गति देने वाली शक्ति हैं, हमारे देश की एक नई ऊर्जा हैं और देश की प्रगति का सबसे बड़ा आधार हैं। हम middle class के, neo middle class के सामर्थ्य को बढ़ाना चाहते हैं। हमने इस बजट में middle class के एक बहुत बड़े हिस्से को टैक्स में zero कर दिया है। 2013 में Income-tax में 2 लाख रुपये तक की आय को टैक्स में मुक्ति थी और आज हमने 12 लाख रुपये तक की आय को टैक्स में मुक्ति दे दी है। हमने 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को, चाहे वे किसी भी वर्ग के क्यों न हों, किसी भी समाज से क्यों न हों, उनको 'आयुष्मान योजना' का लाभ दिया है और उसका सबसे बड़ा लाभ middle class के बुजुर्गों को मिल रहा है।

आदरणीय सभापति जी, हमने देश में 4 करोड़ घर बना कर अपने देशवासियों को दिए हैं, जिनमें से 1 करोड़ से ज्यादा घर शहरों में बने हैं। पहले घर खरीदने वालों के साथ बहुत बड़ा fraud हुआ करता था, उनको सुरक्षा देना बहुत जरूरी था। इसी सदन में हमने RERA का कानून बनाया है। मध्यम वर्ग के घर के सपने के खिलाफ जो रुकावटें थीं, उनको दूर करने का आज यह एक महत्वपूर्ण हथियार बना है। इस बार बजट में 'स्वामित्व' इनिशिएटिव लाया गया है। जो housing projects अटके हुए हैं, जिनमें मध्यम वर्ग के पैसे रुके हुए हैं और उनकी सुविधाएँ अटकी हुई हैं, उस काम के लिए हमने इस बजट में 15,000 करोड़ रुपये आबंटित किये हैं, ताकि मध्यम वर्ग के उन सपनों को पूरा कर सकें।

आदरणीय सभापति जी, start-up का revolution, जिसको आज दुनिया ने देखा है, उसका एक प्रभाव भी है। ये start-ups चलाने वाले लोग कौन हैं? ये start-ups चलाने वाले नौजवान, ज्यादातर middle class के नौजवान हैं।

5.00 P.M.

आज पूरी दुनिया भारत के प्रति आकर्षित है। खास करके जी-20 समूहों के देश के 50-60 स्थानों पर जो बैठकें हुईं, उसके कारण भारत को जो पहले सिर्फ दिल्ली, मुम्बई, बेंगलुरु मानते थे, अब उनको भारत की विशालता का पता चला है। आज विश्व का भारत के टूरिज़्म के प्रति आकर्षण

बढ़ा है। जब टूरिज़्म बढ़ता है, तो व्यवसाय के भी अनेक अवसर आते हैं और उसका लाभ भी हमारे मिडल क्लास को बहुत मिलने वाला है। यह उनके आय के साधन बनेंगे।

आदरणीय सभापति जी, आज हमारा मिडिल क्लास आत्मविश्वास से भरा हुआ है। यह अभूतपूर्व है और यह अपने आप में देश का एक बहुत बड़ा सामर्थ्य बना देता है। मुझे पूरा विश्वास है कि भारत का मध्यम वर्ग विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कमर कस के खड़ा हो गया है और हमारे साथ चल पड़ा है।

आदरणीय सभापति जी, विकसित भारत के निर्माण में सबसे बड़ा रोल देश के युवाओं का है। डेमोग्राफी का डिविडेंड - इस पर हमारा भी बल है। जो नौजवान अभी स्कूल-कॉलेज में हैं, वही विकसित भारत के सबसे बड़े लाभार्थी बनने वाले हैं और इसलिए उनके अंदर एक स्वाभाविक भाव है कि जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ेगी, वैसे-वैसे देश की विकास की यात्रा बढ़ेगी। एक प्रकार से विकसित भारत का बेस हमारे स्कूल-कॉलेज के नौजवान हैं। वह हमारा सामर्थ्य है। हमने पिछले दस साल में लगातार इस तबके, इस बेस को मजबूत करने के लिए बहुत सोची-समझी रणनीति के तहत काम किया है। 21वीं सदी की शिक्षा कैसी होनी चाहिए? शिक्षा नीति के लिए पहले सोचा तक नहीं गया, 'जो चलता है, चलने दो, जैसा होता है, होता रहे' की नीति अपनाई गई। करीब तीन दशक के अंतराल के बाद हम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लेकर आए। इस नीति के तहत बहुत सारे इनिशिएटिव्स लिए गए हैं। मैं उनमें से एक की चर्चा करता हूँ। 'पीएम श्री स्कूल' - आज लगभग 10-12 हजार पीएम श्री स्कूल्स बन चुके हैं तथा और नए पीएम श्री स्कूल्स बनाने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।

आदरणीय सभापति जी, हमने एक महत्वपूर्ण निर्णय किया है। हमने शिक्षा नीति में बदलाव लाया है और वह है मातृभाषा में पढ़ाई और मातृभाषा में परीक्षा। इस पर हमने बल दिया है। देश आजाद हुआ, लेकिन ये कुछ गुलामी की मानसिकता कहीं-कहीं जकड़ कर रखा था, उसमें यह हमारी भाषा भी थी। हमारी मातृभाषा के साथ घोर अन्याय हुआ। क्या गरीब, दलित, आदिवासी और वंचित का बच्चा इसलिए रुक जाए, क्योंकि उसको लैंग्वेज नहीं आती है - यह उसके साथ घोर अन्याय था और 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र मुझे चैन से सोने नहीं देता था, इसलिए मैंने कहा कि देश में मातृभाषा में शिक्षा हो, मातृभाषा में डॉक्टर बने, इंजीनियर बने। जिनको अंग्रेजी भाषा पढ़नी नसीब नहीं हुई, उनके सामर्थ्य को हम रोक नहीं सकते। हमने बहुत बड़ा बदलाव किया है और उसके कारण आज गरीब माँ का, विधवा माँ का वह बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर बनने के सपने देखने लगा, जो पहले उसकी पहुँच से बाहर की बात थी। हमने आदिवासी युवाओं के लिए एकलव्य मॉडल स्कूलों का विस्तार किया है। 10 साल पहले करीब 150 एकलव्य विद्यालय थे, आज 470 एकलव्य विद्यालय हैं। अब हम 200 और ज्यादा एकलव्य स्कूल की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

आदरणीय सभापति जी, हमने सैनिक स्कूलों में भी बहुत बड़ा रिफॉर्म किया है। हमने सैनिक स्कूलों में बेटियों के लिए भी प्रवेश की व्यवस्था की है। आप स्वयं सैनिक स्कूल के विद्यार्थी रहे हैं। पहले बेटियों के लिए उसके दरवाजे बंद थे। आप भी जानते हैं कि सैनिक स्कूलों का महातम्य क्या होता है, उसकी सामर्थ्य क्या होती है, जिसने आप जैसे व्यक्तियों को जन्म दिया है। अब वह अवसर मेरे देश की बेटियों को भी मिलेगा, क्योंकि हमने सैनिक स्कूल के दरवाजे खोल

दिए हैं। अभी हमारी सैंकड़ों बेटियां देशभक्ति के इस माहौल में अपनी पढ़ाई कर रही हैं और देश के लिए जीने का जज्बा सहज रूप से उनके भीतर पनप रहा है।

आदरणीय सभापति जी, युवाओं की ग्रूमिंग में एनसीसी की बहुत बड़ी भूमिका है। हम में से जो भी एनसीसी के संपर्क में रहा है, उसे मालूम है कि उस उम्र में और उस कालखंड में व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का एक बहुत सुनहरा अवसर होता है, उसको एक एक्सपोज़र मिलता है। बीते वर्षों में एनसीसी में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। हम उसको भी जकड़ कर बैठ गए थे। 2014 तक एनसीसी में करीब 14 लाख कैडेट्स हुआ करते थे, आज वह संख्या 20 लाख पार कर गई है।

आदरणीय सभापति जी, देश के युवाओं में उमंग है, उत्साह है, कुछ नया कर गुजरने की इच्छा है, रूटीन काम से हटकर भी कुछ करने का उनका इरादा है, यह साफ नजर आता है। जब मैंने "स्वच्छ भारत अभियान" चलाया, तो मैंने देखा कि आज भी कई शहरों में नौजवानों की टोलियां अपने तरीके से, स्वयं प्रेरणा से स्वच्छता के अभियान को आगे बढ़ा रही हैं, जिसमें कोई झुग्गी-झोपड़ी में जाकर शिक्षा के लिए काम कर रहा है और कई नौजवान कुछ न कुछ कर रहे हैं। इन सारी बातों को देखकर हमें लगा कि देश के युवाओं को एक अवसर मिलना चाहिए, संगठित रूप से प्रयास होना चाहिए और इसके लिए हमने एक "मेरा युवा भारत (MY भारत)" आंदोलन शुरू किया है। आज करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा युवाओं ने उसमें अपनी रजिस्ट्री करवाई है और देश के वर्तमान विषयों पर चर्चा करना, मंथन करना, समाज को सक्रियता से जागरूक करना, ये नौजवान अपनी प्रेरणा से कर रहे हैं। उनको spoon-feeding की जरूरत नहीं पड़ रही है, वे अपनी सामर्थ्य से अच्छी चीजों को हाथ लगाकर आगे बढ़ा रहे हैं।

आदरणीय सभापति जी, खेल का क्षेत्र स्पोर्ट्समैन स्पिरिट को जन्म देता है और जिस देश में स्पोर्ट जितना व्यापक होता है, उस देश में वह स्पिरिट अपने आप पनपती है। खेल प्रतिभा को बल देने के लिए हमने अनेक आयामों पर काम शुरू किया है। खेल के लिए चाहे इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत हो या उसके लिए फाइनेंशियल सपोर्ट की आवश्यकता हो, उसमें हमने अभूतपूर्व मदद की है, ताकि देश के नौजवानों को एक अवसर मिले। "टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (TOPS)" और "खेलो इंडिया अभियान" हमारे स्पोर्ट्स इकोसिस्टम को पूरी तरह ट्रांसफॉर्म करने की ताकत रखते हैं और हम इसे अनुभव भी कर रहे हैं। पिछले दिनों, 10 साल में जितने भी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स इवेंट्स हुए हैं, उनमें भारत ने अपना झंडा गाड़ दिया है, भारत ने अपनी सामर्थ्य दिखा दी है, भारत के नौजवानों ने अपना लोहा मनवा लिया है और उनमें हमारी बेटियां भी उतने ही दमखम के साथ दुनिया के सामने भारत की ताकत का प्रदर्शन कर रही हैं।

आदरणीय सभापति जी, किसी भी देश को विकासशील से विकसित की ओर ले जाने की जो यात्रा होती है, उसमें जनकल्याण के कामों का अपना महत्व है, लोक कल्याण के कामों का अपना महत्व है, लेकिन उसमें इंफ्रास्ट्रक्चर एक बहुत बड़ा कारण होता है, बहुत बड़ी ताकत होता है और विकासशील से विकसित की ओर जाने की यह यात्रा इंफ्रास्ट्रक्चर से होकर गुजरती है। हमने infrastructure के महत्व को समझा है और इस पर बल दिया है। जब infrastructure की बात होती है, तो यह भी ज़रूरी है कि वह समय से पूरा हो। जिसकी हम कल्पना करें, योजना बनाएं, आवश्यकता समझें, लेकिन अगर वह लटका रहे, तो उसका फायदा नहीं मिलता है। उससे टैक्सपेयर्स का पैसा भी बर्बाद होता है और देश उस लाभ से वंचित रह जाता है। देश अनेक सालों तक इंतज़ार करता है, उसका बहुत भारी नुकसान होता है, जिसको शब्दों में गिना नहीं जा

सकता है। कांग्रेस के कालखंड में अटकाना, भटकाना और लटकाना — यह उनका कल्चर बना गया था, यह राजनीति का हिस्सा था। किसी प्रोजेक्ट को करने देना है या नहीं करने देना है, उसमें राजनीतिक तराजू रहता था। 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र नहीं होता था। इस कांग्रेस कल्चर से मुक्ति पाने के लिए हमने एक 'PRAGATI' नाम की व्यवस्था बनाई। मैं स्वयं इस 'PRAGATI' प्लेटफॉर्म के माध्यम से नियमित रूप से infrastructure के projects की detailed monitoring करता हूं। कभी ड्रोन से उस एरिया की वीडियोग्राफ़ी के ज़रिए live interaction करता हूं। मैं उसमें काफी involve रहता हूं। करीब 19 लाख करोड़ रुपए के ऐसे projects, जो किसी न किसी कारण से अटके पड़े थे — चाहे उनमें राज्य और केंद्र का coordination नहीं हुआ होगा, एक डिपार्टमेंट का दूसरे डिपार्टमेंट से coordination नहीं हुआ होगा, फाइल्स में कहीं लटका पड़ा होगा, मैं इन सारी चीज़ों का review करता हूं। महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि Oxford University ने हमारे 'PRAGATI' के initiative पर अध्ययन किया और एक बहुत बड़ी रिपोर्ट दी है और उसमें एक बहुत अच्छा सुझाव दिया है। उसने 'PRAGATI' के initiative के बारे में कहा है कि 'PRAGATI' के अनुभवों से सीखते हुए अन्य विकासशील देशों के पास भी infrastructure के विकास में क्रांति लाने का एक मूल्यवान अवसर है। उसने सभी developing countries के लिए यह सुझाव दिया है।

महोदय, पहले कैसे काम होते थे, मैं तथ्यों के साथ उदाहरण देना चाहता हूं, ताकि पता चले कि कैसे देश को नुकसान पहुंचाया गया है। मैं यह नहीं कह रहा कि एक ही व्यक्ति ने जानबूझ कर किया होगा, लेकिन एक कल्चर डेवलप हो गया था, जिसका परिणाम हुआ अब देखिए उत्तर प्रदेश में— वे भाषण तो बहुत बढ़िया दे देते हैं कि हम एग्रीकल्चर और किसान के हित में हैं। अच्छा लगता है, भड़काने का काम करने में उनका क्या जाता है, क्योंकि investment तो कुछ है ही नहीं। दुनिया को भड़काते रहो, कोई काम तो करना नहीं है — उत्तर प्रदेश में कृषि के लिए एक अहम योजना थी, 'सरयू नहर परियोजना'। महोदय, आप सोचिए कि 'सरयू नहर परियोजना' वर्ष 1972 में स्वीकृत हुई थी, जो 5 दशक तक लटकी रही। वर्ष 1972 में जिस योजना के बारे में सोचा गया, योजना बनी, फाइल पर स्वीकृत भी हो गई। वर्ष 2021 में हमने आकर उसको पूरा किया।

आदरणीय सभापति महोदय, जम्मू-कश्मीर की उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाईन 1994 में स्वीकृत हुई थी। यह रेल लाईन भी वर्षों तक लटकी रही। तीन दशक बाद आखिरकार हमने वर्ष 2025 में इसे पूरा किया।

आदरणीय सभापति महोदय, ओडिशा की हरिदासपुर-पारादीप रेल लाइन की स्वीकृति वर्ष 1996 में हुई थी। यह भी बरसों तक अटकी रही और यह भी वर्ष 2019 में हमारे कार्यकाल में पूरी हुई। महोदय, असम का बोगीबील ब्रिज, 1998 में स्वीकृत हुआ था। इसको हमारी सरकार ने 2018 में पूरा किया। मैं आपको ऐसे सैकड़ों उदाहरण दे सकता हूं कि अटकाना, लटकाना, भटकाना के कल्चर ने देश को कितना बरबाद किया है। मैं उसके सैकड़ों उदाहरण दे सकता हूं। आप कल्पना कर सकते हैं कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में, देश जिसके लिए हकदार था, जो होने की संभावनाएं भी थी, उस प्रगति का न करते हुए कितनी बरबादी की है, उसका आप अंदाजा लगा सकते हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्टस में सही प्लानिंग और सही execution के लिए 'पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान' बनाया है। जो लोग डिजिटल वर्ल्ड में interested हैं, उनको पीएम गति शक्ति के बारे में समझना जरूरी है। मैं तो यह चाहूंगा कि राज्यों को भी इसका उपयोग करना

चाहिए। पीएम गति शक्ति प्लेटफार्म में हमारे देश के अलग-अलग कामों के 1,600 डेटा लेयर्स हैं। निर्णय प्रक्रिया को तेज करते हैं, सरल करते हैं और बहुत तेजी से उसको लागू किया जा सकता है। आज गति शक्ति प्लेटफार्म अपने आप में एक बहुत बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर के काम को गति देने वाला आधार बन गया है।

महोदय, आज के नौजवानों को यह जानना बहुत जरूरी है कि उनके मां-बाप को मुसीबत के साथ जिंदगी क्यों गुजारनी पड़ी, देश की ऐसी हालत क्यों हुई, इसके बारे में उनको जानना बहुत जरूरी है। अगर बीते दशक में डिजिटल इंडिया के लिए हम प्रो-एक्टिव न होते, हम कदम न उठाते, तो आज जैसी सुविधाएं लेने में हमें कई साल इंतजार करना पड़ता। यह हमारे प्रो-एक्टिव डिसीज़न और प्रो-एक्टिव एक्शन का परिणाम है कि आज हम समय से, समय के साथ या कहीं-कहीं समय से आगे भी चल रहे हैं। आज देश में 5जी टेक्नोलॉजी दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रही है।

सभापति जी, मैं अतीत के अनुभवों से कह रहा हूं। चाहे कंप्यूटर हो, मोबाइल फोन हो और एटीएम जैसी कई टेक्नोलॉजी दुनिया के कई देशों में हमसे बहुत पहले पहुंच चुकी थीं, लेकिन भारत में आते-आते दशकों बीत गए, तब जाकर पहुंचीं। अगर मैं हेल्थ की बात करूं, बीमारी की बात करूं, टीकाकरण की बात करूं, तो जब हम गुलाम थे, तब दुनिया में चेचक, बीसीजी के टीके का टीकाकरण हो रहा था और कुछ देशों में हो चुका था, लेकिन भारत में यह दशकों बाद आया। पोलियो की वैक्सीन के लिए हमें दशकों तक इंतजार करना पड़ा। दुनिया आगे बढ़ चुकी थी, हम पीछे रह गए थे। इसका कारण यह था कि कांग्रेस ने देश की व्यवस्था को जकड़ कर रखा हुआ था।

उनको लगता था कि सरकार में जो बैठे हुए हैं, सारा ज्ञान उन्हीं को है, वे ही सब कर लेंगे और उसी का एक परिणाम था – लाइसेंस परमिट राज। मैं देश के नौजवानों से कहूंगा कि लाइसेंस परमिट राज का कितना जुल्म था, देश विकास नहीं कर सकता था और लाइसेंस परमिट राज ही कांग्रेस की पहचान बन गई थी। आदरणीय सभापति जी, जब कंप्यूटर का शुरुआती दौर था, यदि कोई कंप्यूटर इम्पोर्ट करना चाहता है, तो उसके लिए लाइसेंस लेना होता था। महोदय, कंप्यूटर लाने के लिए लाइसेंस लेना होता था। कंप्यूटर लाने का लाइसेंस पाने में भी सालों लग जाते थे। आदरणीय सभापति जी, वे भी दिन थे कि मकान बनाने के लिए सीमेंट चाहिए, तो सीमेंट के लिए भी परमिशन लेनी पड़ती थी। महोदय, मकान बनाने के लिए भी सीमेंट की परमिशन लेनी पड़ती थी! सभापति जी, इतना ही नहीं, शादी-ब्याह में अगर चीनी की जरूरत हो, चीनी की चाय पिलानी हो, तो भी लाइसेंस लेना पड़ता था। मेरे देश के नौजवानों को पता होगा, मैं यह आज़ाद भारत की बात कर रहा हूं, मैं अंग्रेज़ों के कालखंड की बात नहीं कर रहा हूं, बल्कि कांग्रेस के कालखंड की बात कर रहा हूं।

सभापति जी, कांग्रेस के एक पूर्व वित्त मंत्री, जो अपने आपको बहुत ज्ञानी मानते हैं, उन्होंने माना था कि लाइसेंस परमिट के बिना कोई काम होता नहीं है। सारे काम लाइसेंस परमिट के रास्ते से ही गुज़रते हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि लाइसेंस परमिट बिना रिश्वत के नहीं होता। कांग्रेस के वित्त मंत्री ने जो कहा, मैं वह कह रहा हूं। लाइसेंस परमिट बिना रिश्वत के नहीं होता है। कोई भी यह बहुत आसानी से समझ सकता है कि उस जमाने में रिश्वत, मतलब हाथ की सफाई कौन

करता था? वह कौन-सा पंजा था? वह पैसा कहाँ जाता था, इसको देश का नौजवान भली-भांति समझ सकता है।

महोदय, यहीं इस सदन में कांग्रेस के एक माननीय सदस्य हैं। वे यहाँ मौजूद हैं, उनके पिता जी के पास खुद के पैसे थे, उन्हें किसी से लेने नहीं थे, वे कार खरीदना चाहते थे। यहाँ पर कांग्रेस के एक एमपी मौजूद हैं, उनके पिताजी खुद के पैसों से कार खरीदना चाहते थे, लेकिन उन्हें 15 सालों तक कार के लिए इंतजार करना पड़ा था कांग्रेस के राज में। आदरणीय सभापति जी, हम सब जानते हैं कि अगर स्कूटर लेना हो, तो बुकिंग करवाकर पैसा देना है। महोदय, एक स्कूटर खरीदने में 8-10 लग जाते थे। अगर मजबूरी में स्कूटर बेचना पड़ा तो उसके लिए भी सरकार से परमिशन लेनी पड़ती थी। कैसे देश चलाया इन लोगों ने! महोदय, इतना ही नहीं, गैस सिलेंडर के लिए कहूं तो एमपी को कूपन दिया जाता था कि तुम इलाके में 25 लोगों को गैस कनेक्शन दे सकते हो। महोदय, गैस सिलेंडर के लिए कतार लगती थी। महोदय, टेलीफोन कनेक्शन के लिए नाक में दम आ जाता था। देश के नौजवानों को पता होना चाहिए कि ये जो आज बड़े-बड़े भाषण झाड़ रहे हैं, उन्होंने क्या किया था – देश को यह पता होना चाहिए।

आदरणीय सभापति जी, इन सारी पाबंदियों और लाइसेंस राज की नीतियों ने भारत को दुनिया की सबसे धीमी आर्थिक वृद्धि दर में धकेल दिया। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस कमजोर वृद्धि दर को, इस विफलता को दुनिया में किस नाम से कहने की शुरुआत हो गई? इसे हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहने लगे। एक समाज का पूरा अपमान, जबकि विफलता सरकार में बैठे हुए लोगों की, काम न करने का सामर्थ्य बैठे हुए लोगों का, समझ-शक्ति का अभाव बैठे हुए लोगों का, दिन-रात भ्रष्टाचार में डूबे हुए लोगों का और गाली पड़ी एक बहुत बड़े समाज को, हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ को!

आदरणीय सभापति जी, शाही परिवार के आर्थिक कु-प्रबंधन और गलत नीतियों के कारण पूरे समाज को दोषी ठहराया गया और दुनिया भर में बदनाम किया गया, जबकि हम इतिहास देखें, भारत के लोगों का तरीका और नीतियाँ देखें, तो भारत के स्वभाव में लाइसेंस राज नहीं था, परमिट नहीं था। भारत के लोग सदियों से, हजारों साल से खुले में विश्वास करते थे और हम उन समुदायों में सबसे पहले थे, जो दुनिया भर में मुक्त व्यापार, फ्री ट्रेड में मेहनत करते थे, काम करते थे। सदियों पहले भारतीय व्यापारी दूर-दराज के देशों तक व्यापार करने के लिए जाते थे, कोई बंधन नहीं था, कोई रुकावट नहीं थी। यह हमारी प्रकृति की संस्कृति थी। हमने उसको तबाह करके रख दिया। आज जब पूरी दुनिया भारत की आर्थिक क्षमता को पहचानने लगी है, आज दुनिया तेज गति से आगे बढ़ने वाले देश के रूप में देख रही है, आज दुनिया भारत रेट ऑफ ग्रोथ देख रही है और हर भारतीय को इसका गर्व है। ...(**व्यवधान**)... हम अपनी अर्थव्यवस्था का विस्तार कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

आदरणीय सभापति जी, कॉंग्रेस के पंजे से मुक्त होकर आज देश चैन की सांस ले रहा है और ऊँची उड़ान भी भर रहा है। कॉंग्रेस के लाइसेंस राज और उसकी कु-नीतियों से बाहर निकलकर हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए हमने पीएलआई स्कीम शुरू की। एफडीआई से जुड़े रिफॉर्म्स किए। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल प्रोडक्शन करने वाला देश बना है। पहले हम ज्यादातर फोन बाहर से इम्पोर्ट कर रहे थे, अब हमारी पहचान एक मोबाइल एक्सपोर्टर के रूप में बनी है।

आदरणीय सभापति जी, आज भारत की पहचान डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग की बनी है। दस साल में हमारे डिफेंस प्रोडक्ट्स का दस गुना एक्सपोर्ट बढ़ा है। आदरणीय सभापति जी, भारत में सोलर मॉड्यूल मैन्युफेक्चरिंग भी दस गुना बढ़ गई है। आज हमारा देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टील प्रोड्यूसर देश है। दस सालों में हमारा मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट तेजी से आगे बढ़ा है। बीते दस सालों में भारत का टॉयज एक्सपोर्ट तीन गुना से ज्यादा बढ़ गया है।इन्हीं 10 सालों में एग्रो केमिकल एक्सपोर्ट भी बढ़ा है। कोरोना के कालखंड में हमने 150 से ज्यादा देशों को मेड इन इंडिया वैक्सीन और दवाइयां सप्लाई की थीं। हमारे आयुष और हर्बल प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट भी बहुत तेज गति से बढ़ा है और बढ़ रहा है।

आदरणीय सभापति जी, खादी – अगर कांग्रेसी खादी के लिए कोई एक बड़ा काम करते, तो भी मुझे लगता कि हां, ये आजादी के आंदोलन के लोगों से कुछ प्रेरणा लेकर इसे आगे बढ़ा रहे हैं। इन्होंने वह भी नहीं किया। खादी और विलेज इंडस्ट्री का टर्नओवर पहली बार डेढ़ लाख करोड़ से ज्यादा हुआ है। 10 साल में इसका प्रोडक्शन भी चार गुना हुआ है। इस सारी मैन्युफैक्चरिंग का बहुत बड़ा लाभ हमारे एमएसएमई सेक्टर को मिला है। इससे देश में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर तैयार हुए हैं। आदरणीय सभापति जी, हम सभी जनता के प्रतिनिधि हैं। हम जनता जनार्दन के सेवक हैं। जन प्रतिनिधि के लिए देश और समाज का मिशन ही सब कुछ होता है। ...(**व्यवधान**)... सेवा व्रत लेकर ही काम करना जन प्रतिनिधियों का दायित्व होता है।

आदरणीय सभापति जी, देश की हम सभी से अपेक्षा है कि विकसित भारत को आत्मसात करने के लिए हमारी तरफ से कोई कमी से नहीं रहनी चाहिए। हम सबका सामूहिक दायित्व होना चाहिए। यह देश का संकल्प है। यह किसी सरकार का संकल्प नहीं है, किसी व्यक्ति का संकल्प नहीं है। यह 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प है। सभापति जी, मेरे शब्द लिखकर रखिए, जो लोग विकसित भारत के संकल्प से अपने को अछूता रखेंगे, देश उनको अछूता कर देगा। ...(**व्यवधान**)... हर किसी को जुड़ना पड़ेगा। आप बचकर नहीं रह सकते हैं, क्योंकि भारत का मिडिल क्लास, भारत का नौजवान पूरी ताकत के साथ देश को आगे बढ़ाने में जुट चुका है। आदरणीय सभापति जी, जब प्रगति की राह पर देश चल पड़ा है, विकास की नई ऊंचाइयों को देश अर्जित कर रहा है, तब हम सबकी भूमिका बड़ी महत्त्वपूर्ण है। सरकारों में विरोध होना लोकतंत्र का स्वभाव है। नीतियों का विरोध होना लोकतंत्र की जिम्मेवारी भी है, लेकिन घोर विरोधवाद, घोर निराशावाद और अपनी लकीर लंबी नहीं करनी, दूसरी लकीर को छोटा करने की कोशिशें विकसित भारत में रुकावट बन सकती हैं। ...(**व्यवधान**)... हमें उससे मुक्त होना होगा। हमें आत्ममंथन करना होगा और निरंतर मंथन भी करना होगा। मुझे भरोसा है कि सदन में जो चर्चा हुई है, उसमें से जो उत्तम चीजें हैं, उनको लेकर कर हम आगे बढ़ेंगे और हमारा मंथन जारी रहेगा। हमें निरंतर ऊर्जा राष्ट्रपति जी के उद्बोधन से मिलती रहेगी। मैं एक बार फिर राष्ट्रपति जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और सभी माननीय सांसदों का भी आभार व्यक्त करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: I shall now put the Amendments which have been moved to vote. Amendments (Nos. 1 to 4) by Ms. Sushmita Dev. Are you withdrawing the Amendments, or should I put them to vote? ...*(Interruptions)*... No, no.

*...(Interruptions)...* Nothing will go on record. *...(Interruptions)...* Ms. Sushmita Dev; not present. *...(Interruptions)...* I shall now put the Amendments (Nos.1 to 4) to vote.

*The Amendments (Nos.1 to 4) were negatived.*

MR. CHAIRMAN : I shall now take up the Amendments (Nos.5 to 8) moved by Shri A. A. Rahim. Are you withdrawing or pressing your Amendments?

SHRI A. A. RAHIM (Kerala): Sir, I am pressing my Amendments.

MR. CHAIRMAN: I shall now put the Amendments (Nos.5 to 8) to vote.

*The Amendments (Nos.5 to 8) were negatived.*

MR. CHAIRMAN : I shall now take up the Amendments (Nos.9 to 11) moved by Prof. Manoj Kumar Jha. Are you withdrawing or pressing your Amendments?

PROF. MANOJ KUMAR JHA (Bihar): Sir, after listening to the speech of hon. Prime Minister, I am still moving my Amendments.

MR. CHAIRMAN: I shall now put the Amendments (Nos.9 to 11) to vote.

*The Amendments (Nos.9 to 11) were negatived.*

MR. CHAIRMAN : I shall now take up the Amendments (Nos.12 to 17) moved by Shri Ramji Lal Suman. Are you withdrawing or pressing your Amendments?

SHRI RAMJI LAL SUMAN (Uttar Pradesh): Sir, I am pressing my Amendments.

MR. CHAIRMAN: Are you sure about it? I shall now put the Amendments (Nos.12 to 17) to vote.

*The Amendments (Nos.12 to 17) were negatived.*

MR. CHAIRMAN : I shall now take up the Amendments (Nos.18 to 26) moved by Shri M. Shanmugam. Are you withdrawing or pressing your Amendments?

SHRI M. SHANMUGAM (Tamil Nadu): Sir, I am pressing my Amendments.

MR. CHAIRMAN: I shall now put the Amendments (Nos.18 to 26) to vote.

*The Amendments (Nos.18 to 26) were negatived.*

MR. CHAIRMAN : I shall now take up the Amendments (Nos.27 to 36) moved by Dr. Kanimozhi NVN Somu. Are you pressing your Amendments?

DR. KANIMOZHI NVN SOMU (Tamil Nadu): Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: I shall now put the Amendments (Nos.27 to 36) to vote.

*The Amendments (Nos.27 to 36) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now take up the Amendments (Nos.37 and 38) moved by Shri M. Mohamed Abdulla. Are you pressing your Amendments? The hon. Member is not present. I shall now put the Amendments (Nos.37 and 38) to vote.

*The Amendments (Nos.37 and 38) were negatived.*

MR. CHAIRMAN : I shall now take up the Amendments (Nos.45 to 48) moved by Shri Pramod Tiwari. Are you pressing your Amendments?

SHRI PRAMOD TIWARI (Rajasthan): Sir, * I am pressing my Amendments.

MR. CHAIRMAN: The first part is deleted. The second part will be taken note of.

**विपक्ष के नेता (श्री मल्लिकार्जुन खरगे)**: क्यों?

MR. CHAIRMAN: He is normally very objective. I shall now put the Amendments (Nos.45 to 48) to vote.

*The Amendments (Nos.45 to 48) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now take up the Amendments (Nos.49 to 52) moved by Shrimati Jebi Mather Hisham. Are you pressing your Amendments?

---

* Not recorded.

SHRIMATI JEBI MATHER HISHAM (Rajasthan): I am certainly pressing, Sir.

MR. CHAIRMAN: I shall now put the Amendments (Nos.49 to 52) to vote.

*The Amendments (Nos.49 to 52) were negatived.*

MR. CHAIRMAN : I shall now take up the Amendments (Nos.53 to 57) moved by Shri Shaktisinh Gohil. Are you pressing or withdrawing your Amendments?

**श्री शक्तिसिंह गोहिल** (गुजरात): सर, प्रधान मंत्री जी के नकारात्मक भाषण के बाद, I am pressing my Amendments.

MR. CHAIRMAN: I shall now put the Amendments (Nos.53 to 57) to vote.

*The Amendments (Nos.53 to 57) were negatived.*

MR. CHAIRMAN : I shall now take up the Amendments (Nos.58 to 62) moved by Shri R. Girirajan. Are you pressing or withdrawing your Amendments?

SHRI R.GIRIRAJAN (Tamil Nadu): Sir, I am strongly pressing my Amendments.

MR. CHAIRMAN: I shall now put the Amendments (Nos.58 to 62) to vote.

*The Amendments (Nos.58 to 62) were negatived.*

MR. CHAIRMAN : I shall now take up Amendments (Nos. 63 to 68) moved by Dr. John Brittas. Are you pressing your Amendments?

DR. JOHN BRITTAS (Kerala): Sir, are they accepting my Amendments? I am giving them a chance to accept them.

MR. CHAIRMAN: Are you pressing your Amendments?

DR. JOHN BRITTAS: Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: I shall now put Amendments (Nos. 63 to 68) to vote.

*The Amendments (Nos. 63 to 68) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now take up Amendments (Nos. 69 and 70 and 78 to 85) moved by Dr. Ashok Kumar Mittal. Are you pressing your Amendments?

DR. ASHOK KUMAR MITTAL (Punjab): Sir, after listening to the hon. Prime Minister, I withdraw the Amendments.

The Amendments (Nos. 69 and 70 and 78 to 85) were, by leave, withdrawn.

MR. CHAIRMAN: Amendments are withdrawn. ...(*Interruptions*)...

I shall now take up Amendments (Nos. 86 to 88) moved by Dr. Fauzia Khan. Are you pressing your Amendments?

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: I shall now put Amendments (Nos. 86 to 88) to vote.

*The Amendments (Nos. 86 to 88) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now put the motion to vote.The motion is...(*Interruptions*)... No, there must be some technical error. Otherwise, it would have been here.

SHRI SANDOSH KUMAR P (Kerala): Sir, on the first day, on February 1, it was accepted.

MR. CHAIRMAN: No.

SHRI SANDOSH KUMAR P: I moved it.

MR. CHAIRMAN: What is your Amendment number?

SHRI SANDOSH KUMAR P: Right now, I cannot remember that. ...(*Interruptions*)... No, no. Why should I say untruth?

MR. CHAIRMAN: I cannot put an amendment to vote that does not have a number.

SHRI SANDOSH KUMAR P: It is on record. ...(*Interruptions*)... It was accepted.

MR. CHAIRMAN: One minute.

DR. V. SIVADASAN (Kerala): Sir, Amendments (Nos. 5 to 8) of the Amendment List were in his name. Already you called Mr. Rahim's name. It was in the name of Shri A.A. Rahim, Shri Sandosh Kumar P and Dr. V. Sivadasan.

MR. CHAIRMAN: Amendments (Nos. 5 to 8) were in the name of Shri A.A. Rahim. They were put to vote and negatived. I am moving ahead. I have taken note of it.

SHRI SANDOSH KUMAR P: Sir, I submitted it separately; I belong to a different political party also. So, I submitted it separately.

MR. CHAIRMAN: You are not aware of the Amendment numbers.

SHRI SANDOSH KUMAR P: I do agree with that. But that should not be the case. I may not be in a position to remember the exact numbers. So, what is wrong in it?

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, I take note of Amendments (Nos. 5 to 8). Are you pressing?

SHRI SANDOSH KUMAR P: Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: I shall now put Amendments (Nos. 5 to 8) to vote only for the sake of clarity.

*The Amendments (Nos. 5 to 8) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now put the motion to vote:

The question is:

"That an Address be presented to the President in the following terms:—

"That the Members of the Rajya Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which she has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on January 31, 2025."

*The motion was adopted.*

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet at 11 a.m. on Friday, the 7th February, 2025.

*The House then adjourned at forty-five minutes past five of the clock till eleven of the clock on Friday, the 7th February, 2025.*